	उपरांत भी मण्डल में संरक्षा कोटि में कार्यरत पर्यवेक्षकों को सफेद रंग की रेट्रोफ्लेक्टिव जैकेट उपलब्ध नहीं करवायी गयी है साथ ही पर्यवेक्षकों को प्रदान किये जाने वाले रेनकोट एवं विंटर जैकेट भी कई वर्षो से उपलब्ध नहीं करवायी गयी है। संघ का अनुरोध है कि मण्डल में कार्यरत संरक्षा कोटि के कर्मचारियों, पर्यवेक्षकों को शीघ्रातिशीघ्र रेट्रोफ्लेक्टिव जैकेट उपलब्ध करवाने का कष्ट करें जिससे दिन-प्रतिदिन बढ़ रहे रनओवर के मामलों में कमी आ सके एवं कर्मचारी तथा सुपरवाईजर्स सुरक्षापूर्ण तरीके से रेलवे ट्रैक पर कार्य कर सके। उपरोक्त बाबत् संघ पी.एन.एम. में विस्तृत चर्चा करना चाहता है।
	प्रशासनिक टिप्पणी
	PCME- यांत्रिक विभाग के सभी मंडलों एवं कारखानों के ART/ ARMV व रेल्वे ट्रैक पर संरक्षा कोटि में कार्य करने वाले सभी कर्मचारियों वे परिवेक्षक के लिए रेट्रोरिफ्लेक्टिव जैकेट (ल्यूमिनियस वेस्ट) उपलब्ध है. तथा निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को रट्रोरिफ्लेक्टिव जैकेट (ल्यूमिनियस वेस्ट) उपलब्ध करा दिया जाता है। अतः मद को समाप्त किया जा सकता है। **PCEE**-मिटींग में चर्चा की जायेगी। **PCEE**-रेट्रोफ्लेक्टिव जेकेट समय-समय पर कर्मचारियों को वितरित किये जा रहे एवं सुपरवाईजारों एवं कर्मचारियो द्वारा नियमित रूप से उपयोग किया जा रहा है।
	पिछली बैठक दिंनाक 11.03.2025/12.03.2025के कार्यवृत्त
	निरंक
	प्रशासनिक टिप्पणी
	PCME- दिनांक 26.05.2025 को प्रमुख मुख्य यांत्रिक इंजी.महोदय के अनुसार मद पर टिप्पणी इस प्रकार है। जबलपुर मंडल यांत्रिक विभाग :- यॉत्रिक विभाग (कै.वै.) जबलपुर मंडल के ART / ARMV व रेलवे ट्रैक पर संरक्षा कोटि में कार्य करने वाले सभी कर्मचारियों व पर्यवेक्षकों के लिए रेट्रोरिफ्लेक्टिव जैकेट (ल्यूमिनियस वेस्ट) उपलब्ध है। भोपाल मंडल यांत्रिक विभाग :- एआरटी एआरएमवी एवं ट्रेक के आसपास कार्यरत सभी कर्मचारियों व पर्यवेक्षकों को अगस्त 2024 मे ल्यूमिनस जेकेट दिये जा चुके है एवं 2025-26 के लिए स्टॉक खरीदी हेतु AAC भेज दिया गया है। कोटा मंडल यांत्रिक विभाग :- यॉत्रिक विभाग कोटा के कर्मचारियों को गुणवत्ता पूर्ण सेफ्टी जैकेट वर्तमान में निम्न्न प्रकार उपलब्ध करवाये गयें है। Luminious West/Safety Jacket- Received date-19.09.2024, Issued Date- 20.11.2024 to 06.03.2025, Period- Once in six month, Item PL. No.- 79318253. उक्त मद को वर्ष 2025.26 की एएसी में सम्मिलित कर दिया गया है। आगामी वर्ष में वितरण जी.एस.डी. भोपाल से एएसी के माध्यम से प्राप्त कर कर्मचारियों का वितरित किया जायेगा। सडिपुका/भोपाल - यह मद कारखाना भोपाल से संबंधित नही है। कारखाना कोटा :- यह मद कारखाना कोटा से संबंधित नही है। अतः मद को समाप्त किया जा सकता है। **कार्यवृत्तदिनांक12 एवं 13 जून 2025** पीसीएमई—सेफ्टीजैकेटसंबंधितकर्मचारियोंकोव्यक्तिगतउपलब्ध करादियाजाएगा। इस सम्बंध मेंनिर्देशजारीकरदिए जाएंगे।प्रतिसंघकोप्रदान की जाएगी।
MS/36/2024 PCME Dy.CPO/HQ	C&Mसंवर्ग की पोस्टिंग में अनियमितताएं:- पत्र कमांक WCR/P&HQ/EM/C&W pinpointing /241469 दिनांक 15.02.2024 के अनुसार C&W ROH ET में दो पोस्ट C&W कैडर की है तथा दो पोस्ट ही कोचिंग जबलपुर डिपो में है।, परन्तु ऑफिस ऑर्डर नंबर 45/2024 दिनांक 08.04.20243 के अनुसार जो पोस्टिंग की गई है उसमें इटारसी ROH में 02 की जगह 01 ही C&Mकैडर की पोस्ट रहेगी एवं इसके विपरित जबलपुर कोचिंग डीपो में 02 की जगह 03 पोस्ट कर दी गई है,

	जो कि pinpointing लेटर के अनुसार नहीं है। उपरोक्त बाबत् संघ पी.एन.एम. में विस्तृत चर्चा करना चाहता है । प्रशासनिक टिप्पणी **PCME-** (Dy.CPO/HQ)-ROH इटारसी में 02 स्वीकृत पद के विरूद्ध 01 कर्मचारी कार्यरत है तथा कोचिंग डिपो जबलपुर में 02 स्वीकृत पद के विरूद्ध 02 ही कर्मचारी कार्यरत है। कृपया मद समाप्त करे। पिछली बैठक दिंनाक 11.03.2025/12.03.2025के कार्यवृत्त निरंक प्रशासनिक टिप्पणी **PCME**-दिनांक **26.05.2025** को प्रमुख मुख्य यांत्रिक इंजी.महोदय के अनुसार मद पर टिप्पणी इस प्रकार इस प्रकार है। **Place- HQ/JBP/Div. & C&W/JBP, Sanctioned Post- 02 & 02 respectively, Post- 04, On Roll- 03.** **Place- C&W/ET, Sanctioned Post- 02, On Roll- 01.** **Increase in Coach Holding in JBP- Div-** **1. Year-2023, Coach Holding (ICF- 438 & (LHB+VB)- 464), Total- 902.** **2. Year-2024, Coach Holding (ICF- 404 & (LHB+VB)- 619), Total- 1023.** **Coach holding of JBP div is increased from 902 to 1023 resulting in increase of workload of C&M staff of Coaching depot JBP. Also testing of Bio-toilet effluent samples is increased from 5% quarterly to one tank of 10% coached of each rake under primary maintenance. Also Bio Tank safety strap DPT work of every coach started as per official order. 02 staff of CMT department is hardly able to carry out the present allotted work. To meet the compliance of enhanced workload, one post of Div./HQ/JBP is utilized in Coaching depot/JBP.** **ROH Maintenance of ROH/ET is as follow:** **1. Year-2023, No. of Wagons- 564, Avg. per Month- 47.** **2. Year-2024, No. of Wagons- 617, Avg. per Month- 51.4.** **Monthly outcome of ROH/ET is very less (approx. 02 Wagons/day). Therefore only one CMS/CMA is sufficient for these C&M activities.** **कार्यवृत्तदिनांक12 एवं 13 जून 2025** पीसीएमई–टिप्पणी यथावत्
MS/40/2025 PCEE PCME भोपलमंडल	TL&AC रानी कमलापति डिपो में कंपनी के फैलियर पर कर्मचारियों को चार्ज सीट देकर प्रताड़ित करना तथा ठेकेदार एसी मैकेनिक की ड्यूटी में कुप्रबंधन । उपरोक्त विषय के अंतर्गत रानी कमलापति TL&AC डिपो से अतिरिक्त 01667/68, 01663/64स्पेशल गाड़ी चल रही है तथा भोपाल निजामुद्दीन एक्सप्रेस 12155/56को भी आगे बढ़ा दिया गया है अतः इसमें भी दो रेक लगाकर 4रेक कर दिये गए हैं 3दिन की अपेक्षा अब 5 दिन मे गाड़ी लौट कर आती है । गर्मी के सीजन में गाड़ियो (रेको) की संख्या बढ़ाना TL&AC RKMP के ऊपर दोहरी असर करता है एक अनुरक्षण के लिए कर्मचारी चाहिए, दूसरा लाइन पर जाने के लिए कर्मचारी चाहिए लाइन पर यदि तबीयत खराब होती है तो अगली लाइन पर जाने के लिए कर्मचारी मना करते हैं तो सुपरवाइजर बोलते हैं कि आपको जाना पड़ेगा अतःजबरदस्ती से लाइन पर भेजा जा रहा है रेस्ट भी नहीं मिल पाता है प्रॉपर और 5 दिन लगातार लाइन पर चलते हैं। Sr.DEE(G), भोपाल ने अतिरिक्त कार्य हेतु अतिरिक्त स्टाफ की व्यवस्था नहीं की है स्टाफ के नाम पर सुपरवाइजर चुप्पी साथ लेते हैं तथा उपकरण का फेलियर को कर्मचारियों पर डालकर उनका चार्ज सीट द्वारा प्रताड़ित किया जा रहा है । अभी RBC फैलियर में दो कर्मचारियों ओम प्रकाश नेमा एवं देवेंद्र ठाकुर को चार्ज सीट दे दी गई है ना कोई गाड़ी का डिटेंशन हुआ था सिर्फ रेल मदद कंप्लेंट हुई थी जबकि यह rake इंदौर का पहली बार RKMP आया था और पूरे 22 कोच में कोई न कोई परेशानी थी कई कंपनी के RBC/EBC/Cell AC equipment खराब थे कंपनी को फौरन सूचित किया गया लेकिन कंपनी के कर्मचारी आने में दो तीन दिन का समय लगता हे जबकि RAKE को उसी दिन जाना होता है। ठेकेदार को लाभ देकर कर्मचारियों को

	प्रताड़ित करना न्यायोचित नही है । एक रेलवे कर्मचारी से पूरे 22 कोच में एसी, पंखे, पानी , मोबाइल चार्जर उसके साथ पावर कार जनरेटर लोको से HOG सप्लाई और सिर्फ 1 घंटे पहले ड्यूटी बुलाया जाता हैं । ठेकेदार के कर्मचारी व उनकी कोई भी जिम्मेदारी नही है, 12155/56 पर ठेकेदार के 4 स्टाफ (2पावर कार ़2 एसी कोच हेल्पर)इनकी जिम्मेदारी भी रेलवे का सिर्फ एक कर्मचारी एक एसी कोच मेकेनिक (ACM) पर डाली जा रही है । यात्री रेल मदद शिकायत के नाम पर कर्मचारियों को चार्ज सीट देकर प्रताड़ित किया जा रहा है तथा स्टाॅफ का काम करना मुश्किल हो रहा है। अतः अनुरोध है कि 12156/12155 के रैक को बढ़ाने व स्पेशल गाड़िया चलाने तथा अनुपात में स्टाफ का उपलब्ध न कराना, प्रशासनिक कुप्रबंधन के कारण स्टाफ को चार्ज शीट्स देना आदि तत्काल बंद किया जाकर नए कार्यो के अनुरूप स्टाफ की व्यवस्था के साथ मैकेनिकस को बाहरी स्टेशनों पर आरामदायक विश्रामालयो की व्यवस्था की जावें । उपरोक्त बाबत् संघ पी.एन.एम. में विस्तृत चर्चा करना चाहता है ।
	प्रशासनिक टिप्पणी
	PCME – दिनांक 26.05.2025 को मद पर टिप्पणी:- इस मद पर वरि.मंडल विद्युत इंजीनियर(सामान्य) भोपाल के अनुसार गाड़ियों का संचालन मुख्यालय से जारी परिपत्र/आदेशों के अनुसार किया जा रहा है। कर्मचारियों को नियमानुसार गाड़ियों पर बुक किया जाता है तथा नियमानुसार देय रेस्ट अथवा देय ओवर टाइम /अन्य भत्तों का भुगतान किया जाता है। गाड़ी की Precooling के दौरान कर्मचारियों द्वारा उचित Monitoring न किए जाने के आरोप में आरोप पत्र जारी किए गए हैं। रिक्त पदों पर कर्मचारियों की पदस्थापना हेतु कार्मिक विभाग से लगातार समन्वय किया जा रहा है।
	कार्यवृत्तदिनांक12 एवं 13 जून 2025 पीसीएमई–प्रकरण का रिव्यूकियाजाएगा।

MS/17/2017 Dy.CPO/IR	भोपाल एवं हबीबगंज सामुदायिक भवन के रखरखाव के संबंध में। भोपाल एवं हबीबगंज सामुदायिक भवन के रखरखाव के लिए कोई दिशा निर्देश मुख्यालय द्वारा जारी नही किये गये है। इस कारण से अनुरक्षरण कार्य नगण्य है। इस वजह से विल्डिंग स्ट्रेंक्चर प्रभावित हो रहा है। आधुनिक रूप से भव्य सामुदायिक भावना को दुर्दशा जर्जर हालत में पहुचेंती जा रही है। भवन बिल्डिंग तथा टॉयलेटस की हालत खराब होने लगी है। अतः अनुरोध है कि भोपाल एवं हबीबगंज सामुदायिक भवन के राजस्व हेतु नीति निधर्धारण कर कमेटी बनाई जाये। संघ उपरोक्त बाबत् पी.एन.एम. में विस्तृत चर्चा करना चाहता है।
	प्रशासनिक टिप्पणी
	Dy.CPO/IR- उपरोक्तह विषय में मंडल की लोकल पालसी के अनुसार कार्य किया जा रहा है। कृपया मद समाप्त करें।
	पिछ्ली बैठक दिंनाक 11.03.2025/12.03.2025के कार्यवृत्त
	प्रशासनिक टिप्पणी
	Dy.CPO/IR- द्वितीय पीएनएम दिनांक 21.05.2025- मंडल की लोकल पॉलिसी के अनुसार कार्य किया जा रहा है।यह मद भोपाल मंडल से संबंधित है। भोपाल मंडल को पत्र लिखा गया है। कृपया मद समाप्त करे।
MS/26/2020Dy.CPO/IR	उप चीफ यार्ड मास्टर नकज जबलपुर मंडल का 08 घंटे रोस्टर से 6 घंटे रोस्टर लागू करने हेतु जाब एनालसिस कराने के संबंध में। नकज एरिया कंट्रोल में एक शिफ्ट में एक कन्ट्रोलर एवं एक डिप्टी सीवाईएम कार्य करता है कन्ट्रोलर का ड्यूटी रोस्टर 06 घंटे का तथा डिप्टी सीवाईएम का ड्यूटी रोस्टर 08 घंटे का है लगभग 6 महीने पूर्व ड्यूटी रोस्टर में परिवर्तन के लिये जाब एनालसिस की तिथि निर्धारित की गई है और शुरु भी किया गया लेकिन जॉब एनालसिस बिना पूरा किये रोक दिया गया जिसके कारण एरिया कन्ट्रोलर नकज में ड्यूटी रोस्टर में परिवर्तन हेतु कार्यवाही आगे नहीं बढ़ पा रही है। अतः संघ मांग करता है किं एरिया कन्ट्रोलर में कार्यरत सीवाईएम के रोस्टर में परिवर्तन हेतु जाब एनालसिस शीघ्र करवाया जाये जिससे कार्यरत डिप्टी सीवाईएम के घंटे को कम किया जा सके और वह अपनी ड्यूटी संरक्षा के साथ निष्पादन कर सके। उपरोक्त बाबत् संघ पी.एन.एम. में विस्तृत चर्चा करना बाहता है।
	प्रशासनिक टिप्पणी
	उप चीफ यार्ड मास्टर नकज जबलपुर मंडल का 8 घंटे रोस्टर से 6 घंटे रोस्टर लागू करने के विषय व पी.एन.एम. मद क्रं. एम.एस./26/2020 में इस कार्यालय के समसंख्यक पत्र दिनांक 01/05/2023 के द्वारा पत्र जारी किया जा चुका है। अतः मद समाप्त करें।
	पिछ्ली बैठक दिंनाक 11.03.2025/12.03.2025के कार्यवृत्त प्रशासनिक टिप्पणी
	Dy.CPO/IR-द्वितीय पीएनएम दिनांक 21.05.2025- उप चीफ यार्ड मास्टर नकज जबलपुर मंडल का 8 घंटे रोस्टर लागू करने के विषय व पीएनएम मद क्रं. एम एस /26/2020 में इस कार्यालय के समसंख्यक पत्र दिनांक 01.05.2023 के द्वारा पत्र जारी किया जा चुका है । कृपया मद समाप्त करे।
MS/44/2021Dy.CPO/IR	को-ऑपेरिटव सोसायटी के सुचारू संचालन हेतु। वर्तमान में मण्डल के पे-बिल विभाग द्वारा कई कर्मचारियों के दि जैकशन को-ऑपरेटिव क्रेडिट सोसायटी ऑफ दि एम्पलॉईज ऑफ दि वेस्टर्न रेलवे लिमिटेड (ICCS) प्रचलित भाषा में JC Bank एवं दि रेलवे एम्पलाईज को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड जयपुर प्रचलित भाषा में JP Bank के ऋण के आवेदन अग्रेषित नहीं किये जा रहे है। संघ द्वारा बातचीत करने पर बताया गया कि कर्मचारी दो जगह सदस्य है इसलिए ऋण के आवेदन अग्रेषित नहीं किये जा रहे हैं। संघ यहां यह अवगत कराना चाहता है कि ये दोनो ही को-ऑपरेटिव सोसायटी काफी पुरानी तथा जानी-मानी सोसायटी है। इन दोनों के ऋण आवेदन अग्रेषित करने तथा सदस्य

	बनाने में रेल प्रशासन से वार्ता कर निर्णय लिया था किन्तु उसके उपरांत बनी तीसरी को-ऑपरेटिव सोसायटी जो कि वेस्ट सेन्ट्रल रेलवे एम्पलॉईज को-ऑपरेटिव क्रेडिट सोसायटी लिमिटेड कोटा है, के बारे में कई शिकायतें रेल कर्मचारी एवं उनके परिवारजनों के माध्यम से प्राप्त हुई है कि इस सोसायटी में कई अनियमितताएं है तथा संघ द्वारा जानकारी प्राप्त करने पर ज्ञात हुआ कि जो रेल कर्मचारियों की शिकायतें है, वो बिल्कुल वाजिब है क्योंकि दि जैक्सन को-ऑपरेटिव क्रेडिट सोसायटी ऑफ दि एम्पलॉईज ऑफ दि वेस्टर्न रेलवे लिमिटेड के अध्यक्ष FA&CAO पश्चिम रेलवे हैं। इसी प्रकार दि रेलवे एम्पलाईज को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड जयपुर में भी मण्डल रेल प्रबंधक जयपुर अध्यक्ष तथा वरिश्ठ मण्डल वित्त प्रबंधक जयपुर मनोनीत संचालक के रूप में कार्य करते हैं जिससे कि रेल कर्मचारियों को ठगे जाने जैसी घटनाएं होने से बचा जा सके किन्तु वेस्ट सेन्ट्रल रेलवे एम्पलॉईज को-ऑपरेटिव क्रेडिट सोसायटी लिमिटेड कोटा में रेल प्रशासन का कोई दखल नहीं है तथा ऐसा प्रतीत होता है कि रेल प्रशासन केवल रेलवे कर्मचारियों की CTD व ऋण रिकवरी करने के लिए रह गया है क्योंकि कर्मचारियों ने यह बताया है कि ऋण आवेदन जिस प्रकार दि जैक्सन को-ऑपरेटिव क्रेडिट सोसायटी ऑफ दि एम्पलॉईज ऑफ दि वेस्टर्न रेलवे लिमिटेड एवं दि रेलवे एम्पलाईज को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड जयपुर में पूरी जांच के उपरांत लिये जाते हैं किन्तु वेस्ट सेन्ट्रल रेलवे एम्पलॉईज को-ऑपरेटिव क्रेडिट सोसायटी लिमिटेड कोटा में ऐसी कोई भी चाक-चोबन्द व्यवस्था नहीं है बल्कि जिस प्रकार बाजार में ब्याज पर पैसे देने वाले लोग मजबूरी का फायदा उठाकर चैक इत्यादि अपने पास रखकर पैसा देते है, उस विधि को यहां अपनाया जा रहा है जो कि को-ऑपरेटिव सोसायटी नियमों का न केवल उल्लंघन है बल्कि कर्मचारियों की मजबूरी का भी फायदा उठाया जा रहा है। संघ प्रशासन को पुनः अवगत कराना चाहता है कि वेस्ट सेन्ट्रल रेलवे एम्पलॉईज को-ऑपरेटिव क्रेडिट सोसायटी लिमिटेड कोटा जैसी सोसायटी पर लगाम लगाये जाने की आवश्यकता है न कि दि जैक्सन को-ऑपरेटिव क्रेडिट सोसायटी ऑफ दि एम्पलॉईज ऑफ दि वेस्टर्न रेलवे लिमिटेड एवं दि रेलवे एम्पलाईज को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड जयपुर जैसी वर्षों से जमी हुई एवं सुचारू संचालन कर रही सोसायटी पर। यथा शीघ्र JCCS तथा JP Bank की भांति अध्यक्ष एवं अन्य पदों पर प्रशासनिक चाक-चौबन्द व्यवस्था की जाये जिससे चिटफंड कम्पनी की भांति होने वाली घटनाओं से बचा जा सके। चूंकि कोटा मण्डल इस समिति का मुख्यालय है अतः मण्डल रेल प्रशासन की भूमिका अधिक हो जाती है। संघ उपरोक्त बाबत् पी.एन.एम. में विस्तृत चर्चा करना चाहता है।
	प्रशासनिक टिप्पणी
	को-ऑापरेटिव सोसाइटी के सुचारु संचालन के विषय व पी.एन.एम. मद क्रं. एम.एस./44/2021 में इस कार्यालय के समसंख्यक पत्र 14/07/2020 के द्वारा पत्र जारी किया जा चुका है। अतः मद समाप्त करें।
	पिछली बैठक दिंनाक 11.03.2025/12.03.2025के कार्यवृत्त **प्रशासनिक टिप्पणी**
	Dy.CPO/IR-द्वितीय पीएनएम दिनांक 21.05.2025- को - आपरेटिव सोसायटी के सुचारू संचालन के विषय व पीएनएम मद क्रं. एमएस 44/2021 में इस कार्यालय के समसंख्यक पत्र दिनांक 14/07/2020 के तहत जारी किया जा चुका है। कृपया मद समाप्त करे।
MS/53/2023Dy.CPO/IR	भोपाल मंडल नर्मदा क्लब में रेल कर्मचारियों एवं उनके आश्रितो को बेड मिन्टन कोर्ट की अनुमति प्रदान करने के कम में । उपरोक्त विषय के अंतर्गत नर्मदा क्लब में निर्धारित शुल्क के आधार पर बाहरी व्यक्तियो को खेलने की सुविधा प्राप्त है। इसी प्रकार रेल कर्मचारियों व उनके आश्रितो को भी रियायती दरों पर क्लब में खेलने की सुविधा मिलनी चाहिए । उक्त प्रयोजन के लिए नर्मदा क्लब में रेल कर्मचारियों एवं उनके आश्रितो को बेड मिन्टन कोर्ट की अनुमति प्रदान करें । उपरोक्त बाबत् संघ पी.एन.एम. में विस्तृत चर्चा करना चाहता है।
	प्रशासनिक टिप्पणी
	उपरोक्त मद भोपाल मंडल से संबंधित है अतः इस विषय में इस कार्यालय से दिनांक 09.07.2024 को पत्र लिखा गया था एवं प्रति संलग्न कर प्रेषित की गई थी। कृपया मद समाप्त् करें।

	पिछली बैठक दिंनाक 11.03.2025/12.03.2025के कार्यवृत्त प्रशासनिक टिप्पणी **Dy.CPO/IR-**द्वितीय पीएनएम दिनांक 21.05.2025- उपरोक्त मद भोपाल मंडल से संबंधित है अतः इस विषय में इस कार्यालय से दिनांक 09.07.2024 को पत्र लिखा गया था एवं पत्र की प्रति संलग्न कर प्रेषित की गई थी। कृपया मद समाप्त करे।
MS/69/2023Dy.CPO/IR	भोपाल में बड़े तालाब के पास तथा इटारसी में तवा डेम के पास रेल कर्मचारियो के लिए हॉलिडे होम बनाये जाने बावत् । भोपाल शहर में बड़े तालाब एक रमणीय स्थल है तथा इटारसी में तवा डेम पर दूर-दूर से लोग आते है। भोपाल मंडल के कर्मचारियों के लिए हॉलिडे होम कही भी नही है। अतः संघ की मांग है कि भोपाल में बड़े तालाब के पास तथा इटारसी में तवा डेम के पास रेल कर्मचारियों के लिए हॉलिडे होम बनाया जाये । उपरोक्त बाबत् संघ पी.एन.एम. में विस्तृत चर्चा करना चाहता है। प्रशासनिक टिप्पणी वरि. मंडल कार्मिक अधिकारी/भोपाल को इस संदर्भ में दिनांक 09.07.2024 को जांच कर उचित कार्यवाही हेतु पत्र लिखा गया है। जिसकी प्रति आपको प्रेषित की गई है। कृपया मद समाप्त करें। पिछली बैठक दिंनाक 11.03.2025/12.03.2025के कार्यवृत्त प्रशासनिक टिप्पणी **Dy.CPO/IR-**द्वितीय पीएनएम दिनांक 21.05.2025- वरि. मंडल कार्मिक अधिकारी / भोपाल को इस संदर्भ में दिनांक 09.07.2024 को जांच कर उचित कार्यवाही हेतु पत्र लिखा गया है। जिसकी प्रति आपको प्रेषित की गई है। कृपया मद समाप्त करे।
MS/115/2023Dy.CPO/IR	भोपाल मंडल रेल संस्थानो से संबंधित। रेल संस्थानों का कार्यकाल समाज कल्याण केन्द्रों की तरह दो वर्ष से तीन वर्ष किया जाए जिससे कार्यकारिणी के लिये कार्य हेतु पर्याप्त समय मिल सके और जल्दी चुनाव कराने की समस्या से प्रशासन का भी समय बचाया जा सके। ii. रेल संस्थानों की विभिन्न मीटिंग हेतु स्पेशल सी.एल का प्रावधन किया जाना चाहिये जिससे संस्थानों की मीटिंग समय से एवं समस्त निर्वाचित मेम्बर से हो सके एवं अकाउण्ट पास एवं ऑडिट समय से हो सके। iii. रेल संस्थानों को प्रशासन द्वारा दिया जाने वाला एस.बी.एफ फण्ड से अंशदान 20 रु प्रति सदस्य वर्षों से लंबित हैं। iv. रेल संस्थान कोराना काल में लगभग पूर्ण समय कोराईन्टीन सेण्टर एवं टीकाकरण सेण्टर बने रहे, इस कार्यकाल का बिजली का बिल एस.बी.एफ फण्ड से भुगतान किया जाये या बिजली बिल माफ किया जाये। v. रेल संस्थानों में शादी समारोह हेतु बुकिंग होने पर जो पूर्व में रेल कर्मचारियो के लिये छोटे कार्यक्रम के लिये 1500 रु बड़े कार्यक्रम के लिये 3000 रु एवं बाहरी व्यक्तियों के लिये छोटे कार्यक्रम के लिये 3000 रु एवं बड़े कार्यक्रम के लिये 6000 रु था जिससे बड़ाकर दो वर्ष पूर्व रेल कर्मचारियों से लगभग 7200 रु एवं बाहरी व्यक्तियों से 12000 रु एक दिन के लिये बुकिंग पर कनेक्शन बिजली विभाग द्वारा दिया जा रहा है इसके लिये लिमिट 300 यूनिट बिजली दी जा रही है, जबकि 100 यूनिट बिजली भी खर्च नहीं हो रही है, इसे कम करते हुये यूनिट के आधार पर बिजली बिल का प्रावधान होना चाहिये, जिससे रेल संस्थानों में होने वाले कार्यक्रम बहुत ही कम हो गये है और उसका सीधा असर रेल संस्थानों की आय पर पड़ रहा हैं। vi. रेल संस्थानों में बिजली की खपत कम करने हेतु सोलर पेनल लगाने की व्यवस्था होनी चाहिये। vil. रेल संस्थानों में एक समान सदस्यता राशि की जाये अलग-अलग सदस्यता राशि होने से रेल कर्मचारियों को भारी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। उपरोक्त बाबत् संघ पी.एन.एम. में विस्तृत चर्चा करना चाहता है। प्रशासनिक टिप्पणी प्रचलित नियम यथावत है। कृपया मद समाप्त करें। पिछली बैठक दिंनाक 11.03.2025/12.03.2025के कार्यवृत्त

	NIL
	प्रशासनिक टिप्पणी
	Dy.CPO/IR- द्वितीय पीएनएम दिनांक 21.05.2025- प्रचलित नियम यथावत है कृपया मद समाप्त करे।
MS/117/2023 Dy.CPO/IR PCE	भोपाल मंडल में विदिशा व गंज बसौदा स्टेशनो पर सामुदायिक भवन निर्माण तथा सब डिवीजन में इंजीनियरिंग विभाग से संबंधित समस्याएँ । विदिशा एवं गंजबासौदा स्टेशनों पर कर्मचारियों एवं उनके परिजनों को किसी भी प्रकार के सामाजिक कार्यक्रम हेतु शासकीय सामुदायिक भवन ना होने के कारण अन्यत्र बाहरी स्थान पर अधिक व मनमानी राशि का भुगतान करना पडता है। अतः संघ मांग करता है कि कर्मचारियों के हित में विदिशा व गंजबासौदा स्टेशनों पर सामुदायिक भवन का निर्माण करवाया जाए। ब. समस्त बिभागीय ग्रुप सी एवं डी के कर्मचारियों विशेष तौर पर इंजीनियरिंग विभाग के कर्मचारियों को जो सेफ्टी शूज़ विगत 02 बर्षो से प्रदान किए जा रहे हैं वह बहुत ही निम्न स्तर क्वालिटी के होते है और 10-15 दिन में ही खराब हो जाते हैं। अतः संघ मांग करता है कि यूनिफार्म भत्ते के समान ही शेफ्टी शूज भत्ता जिसमें मार्केट रेट के आधार पर उचित राशि निर्धारित कर वेतन पत्रक के माध्यम से भुगतान किया जाए। जिससे कर्मचारी अपने लिए अच्छी गुणवत्ता के शूज खरीद सकेंगे। स. विदिशा- उपमंडल के तहत आने वाले विदिशा, गंज बासौदा, पबई, गुलाबगंज, सुमेर स्टेशनों पर 50 से 60 बर्ष पूर्व के रेल आवासों की संख्या बहुत बढ़ गई है। जिनमें पहले कई बार मेजर रिपेयरिंग का कार्य भी हो चुका है और अब वह किसी भी प्रकार से रिपेयर्स की स्थिति में नहीं है। अतः संघ मांग करता है कि शीघ्र ही ऐसे समस्त आबासों को चिन्हित कर खंडहर करने की प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण की जाए । जिससे कि इन आबासों के स्थान पर कर्मचारियों के निवास हेतु नये आबासो का निर्माण हो सके। उपरोक्त बाबत् संघ पी.एन.एम. में विस्तृत चर्चा करना चाहता है।
	प्रशासनिक टिप्पणी
	Dy.CPO/IR- वरि. मंडल कार्मिक अधिकारी/भोपाल एवं वरि. मंडल अभियंता (सम) भोपाल को इस कार्यालय का संदर्भित पत्र दिनांक 30.11.2023 को दिया गया था। उपरोक्त यह मद मंडल स्तर है एवं इस कार्यालय संदर्भित पत्र आपको प्रषित किया जा चुका है। कृपया मद समाप्त करें। पीसीई- (अ) उक्त कार्य प्रगति पर है जिसे मार्च 2025 तक पूर्ण कर लिया जायेगा ब) सभी सेफ्टी शूज भारतीय मानक निजी सुरक्षा उपस्कर आईएस 15298भाग- 2 2011 15020345:2004 अनुरुप नियमानुसार RITES द्वारा निरीक्षण कराकर न्यूनतम बोली वाली फर्म से खरीदा जा रहे है। यह एक नीतिगत मामला है। इसका निर्णय रेलवे बोर्ड दवारा लिया जायेगा। (स) विदिशा उपमंडल में 58 खंडहर आवासों के चिन्हित किया गया है तथा प्रपोजल स्वीकृत हो चुका है। खंडहर आवासों को तोड़ने का कार्य प्रगति पर है। जिसे अप्रैल-2025 तक पूर्ण कर लिया जायेगा ।
	पिछली बैठक दिंनाक 11.03.2025/12.03.2025के कार्यवृत्त
	NIL
	प्रशासनिक टिप्पणी
	Dy.CPO/IR-द्वितीय पीएनएम दिनांक 21.05.2025- वरि मंडल कार्मिक अधिकारी भोपाल एवं वरि. मंडल अभियंता (समन्वय) भोपाल को इस कार्यालय का संदर्भित पत्र दिनांक 30.11.2023 को दिया गया था। उपरोक्त मद मंडल स्तर का है। कृपया मद समाप्त करें।

MS/80/2016 DY.CPO/Gaz	भोपाल मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में कार्यरत कार्मिक विभाग के कर्मचारीयों की समस्याओं के संबंध में । मंडल कार्यालय कार्मिक शाखा भोपाल में कम्प्यूटर, मंडल कार्यालय कार्मिक शाखा भोपाल में कम्प्यूटर, प्रिंन्टर एवं अन्य इंनफ्रास्ट्रक्चर उपलब्ध नहीं है। आई पास पूर्णरूप से शूरू हो चूका है। इंन्फ्रास्ट्रक्टर के अभा में आई पास का कार्य सुचारू रूप से नहीं हो पा रहा है। कर्मचारी प्रशासनिक दबाव में तनावग्रस्त होकर मार्केट में नेट कैफे पर कार्य करने को बाध्य हो रहे है। अन्य आवश्यक कार्यो हेतु कार्यालय अधीक्षको को कम्प्यूटर उपलब्ध न होने के कारण अन्य प्रशासनिक कार्य भी सुचारू रूप से नहीं हो पा रहे है। इसके अतिरिक्त स्पीड भी अतन्यत धीमी है एवं कम्प्यूटर में एंटीवायरस न होन के कारण वे कभी भी बंद हो जाते है। तथा 17 कम्प्यूटर के आपूर्ति के लिये प्रस्ताव मुख्य कार्मिक अधिकारी के कार्यालय में स्वीकृति हेतु लम्बित है। उपरोक्त बाबत् संघ पी.एन एम में विस्तृत चर्चा करना चाहता है।
	प्रशासनिक टिप्पणी
	DY.CPO/Gaz- मॉडल एसओपी 2018 (Misc. Matters) के पैरा 41 ए (i) के अनुसार मंडल स्तर पर मंडल रेल प्रबंधक को कम्प्यूटर खरीदने की पूर्ण शक्तियां प्रदान की गयी है एवं इस प्रकार के प्रकरणों का निपटारा मंडल स्तर पर किया जा रहा है। चूँकि यह मद वर्ष 2016 का है अतः कृपया मद समाप्त करें।
	पिछली बैठक दिंनाक 11.03.2025/12.03.2025के कार्यवृत्त
	निरंक
	प्रशासनिक टिप्पणी
	मॉडल एसओपी 2018 (Misc. Matters) के पैरा 41 ए (i) के अनुसार मंडल स्तर पर मंडल रेल प्रबंधक को कम्प्यूटर खरीदने की पूर्ण शक्तियां प्रदान की गयी है एवं इस प्रकार के प्रकरणों का निपटारा मंडल स्तर पर किया जा रहा है। चूँकि यह मद वर्ष 2016 का है अतः कृपया मद समाप्त करें।
MS/20/2018 DY.CPO/Gaz	बायोमेट्रिक्स सिस्टम से होने वाली समस्याओं के निराकरण के संबंध में। पमरे में बायोमेट्रिक्स सिस्टम से उपस्थिति को ट्रायल बेसिस पर प्रारम्भ किया है जिससे कर्मचारियों को अनेंकों समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है । संघ का मानना है कि बायोमेट्रिक्स सिस्टम से होने वाली समस्याओं का निराकरण अत्यंत आवश्यक है, जो निम्न प्रकार हैः- 1. कर्मचारी की उपस्थिति के आने का एवं जाने का बायोमेट्रिक्स में समय निर्धारित है परन्तु यदि कार्यालयीन कार्य से कार्यालय छोड़ने के निर्धारित समय के बाद भी रूकना पड़ता है तो उसके एवज में कर्मचारी को सीआर या दूसरे दिन लेट आने की छूट देनी चाहिए । 2. कर्मचारी को यदि फील्ड में इंसपेक्शन या आवश्यक कार्य हेतु कार्यालय के निर्धारित टाइम के अलावा कार्यालय में बुलाया या दूसरे डिपो में भेजा जाता है तो उसके लिए क्या प्रावधान है। 3. छुट्टी के दिनों में कार्यालयीन कार्य हेतु बुलाने पर क्या प्रावधान होगा । 4. बायोमेट्रिक्स सिस्टम के खराब या हैंग होने की स्थिति में क्या प्रावधान किया जाएगा। अतः अनुरोध है कि बायोमेट्रिक्स सिस्टम के लागू होने से पूर्व उक्त उत्पन्न समस्याओ का समाधान करने की व्यवस्था करें । संघ उपरोक्त बाबत् पी.एन.एम. में विस्तृत चर्चा करना चाहता है ।
	प्रशासनिक टिप्पणी
	संघ द्वारा उक्त मद के अंतर्गत बायोमेट्रिक्स सिस्टम लगाए जाने से कर्मचारियो को उत्पन्न होने वाली समस्याओ के निराकरण के संबंध में उठाए गए है। चूंकि कोविड-19 के कारण बायोमेट्रिक्स सिस्टम पमरे मुख्यालय के सभी विभागों में वर्तमान में बन्द है, अतः कृपया मद समाप्त करे।
	पिछली बैठक दिंनाक 11.03.2025/12.03.2025के कार्यवृत्त
	निरंक
	प्रशासनिक टिप्पणी
	चूंकि कोविड-19 के कारण बायोमेट्रिक्स सिस्टम पमरे मुख्यालय के सभी विभागों में वर्तमान में बन्द है, अतः कृपया मद समाप्त करे।

MS/29/2019 DY.CPO/Gaz	कार्मिक प्रशिक्षण संस्थान जोधपुर में प्रशिक्षुओ हेतु आवश्यक सुविधाएँ उपलब्ध कराने के संबंध में। विभिन्न रेलवे से पूरे वर्ष प्रशिक्षण हेतु कर्मचारियो को कार्मिक प्रशिक्षण संस्थान जोधपुर भेजा जाता है। जिस परिपेक्ष्य में पमरे के सभी विभागो से कर्मचारियो को परेशानियों को काम प्रशिक्षण हेतु भेजा गया था वहाँ कर्मचारियो को अनेको 1. मेस व केन्टीन की सुविधा न होनाः प्रशिक्षण केन्द्र में भोजन व नाश्ता हेतु मेस या केन्टीन की सुविधा नही होने के कारण कर्मचारियो को यत्र तत्र गुणवत्ताहीन भोजन करना पड़ता है जो कर्मचारियो के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। 2. प्रशिक्षण हॉल एवं छात्रावास का वातानुकूलित नही होनाः प्रशिक्षण हॉल एवं छात्रावास वातानुकूलित / एयर कूलिंग नही है। जिसके कारण प्रशिक्षुओ को वहा कि प्रचण्ड गर्मी में काफी परेशानियो का सामना करना पड़ता है। 3. जेनरेटर / इनवेर्टर की सुविधा नही होना प्रशिक्षण केन्द्र में जेनरेटर या इनवेर्टर उपलब्ध नही है जिसके कारण विद्युत बाधा के समय प्रशिक्षण कार्यकम प्रभावित होता है। एवं प्रशिक्षुओ को भी गर्मी में काफी परेशानियो का सामना करना पड़ता है। 4. वाटर प्यूरिफायर / आरंओ का खराब होनाः प्रशिक्षण केन्द्र में पीने के पानी हेतु उपलब्ध वाटर प्यूरिफायर / आरओ का खराब पड़ा हुआ है। एवं कम क्षमता का है प्रशिक्षण केन्द्र द्वारा प्रतिदिन स्थानीय बाजार से 2-4 कैन मंगवा दिया जाता है। जो कि पर्याप्त नही है एवं इसके कारण प्रशिक्षुओ को पीने के पानी हेतु परेशानियो का सामना करना पड़ता है। उपरोक्त बाबत् संघ पी.एन.एम. में विस्तृत चर्चा करना चाहता है। **प्रशासनिक टिप्पणी** महाप्रबंधक कार्यलय(कार्मिक) उत्त.र पश्चिम रेलवे , जयपुर के पत्र क्र- 936-E/HRD/Training /Jodhpur/Vol.Xदिनांक 02/11/2022 द्वारा कार्मिक प्रशिक्षण संस्थान, जोधपुर को ZRTI, Udaipur स्थारनांतरित कर दिया गया है। अतः उक्तर मद को समाप्तं किया जाये। **पिछली बैठक दिंनाक 11.03.2025/12.03.2025के कार्यवृत्त** निरंक **प्रशासनिक टिप्पणी** महाप्रबंधक कार्यलय(कार्मिक) उत्त/र पश्चिम रेलवे, जयपुर के पत्र क्र- 936-E/HRD/Training /Jodhpur/Vol.Xदिनांक 02/11/2022 द्वारा कार्मिक प्रशिक्षण संस्थान, जोधपुर को ZRTI, Udaipur स्थारनांतरित कर दिया गया है। अतः उक्तर मद को समाप्तं किया जाये।
MS/30/2020 DY.CPO/Gaz	श्री अजय कुमार, CDMS/ELS इटारसी की AMM के पद पर पदौन्नति आदेश जारी करने बाबत्। उक्त कर्मचारी को एएमएम के पद की लिखित परीक्षा और सक्षारताकार के बाद दिनांक 05.03.2018 को पैनल पर रखा गया था कर्मचारी को एससी वर्ग के पद पर वेस्ट एमंग फेल्योर स्कीम के तहत 6 माह के लिए ट्रॉयल आधार पर पदौन्नत किया जाना था किन्तु प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी द्वारा पदौन्नति आदेश आज तिथि तक जारी नही किये गये है। वर्तमान में पदौन्नति के मामले में कोई रोक नही है। और सभी विभागों के पदौन्नति आदेश जारी किये जा रहे है। अतः संघ मांग करता है कि उक्त कर्मचारी के पदौन्नति आदेश तुरंत प्रभाव से प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी कार्यालय द्वारा जारी किये जाये। उपरोक्त बाबत् संघ पी.एन.एम. में विस्तृत चर्चा करना चाहता है। **प्रशासनिक टिप्पणी** **Posting orders have already been issued. Please close the item.** **पिछली बैठक दिंनाक 11.03.2025/12.03.2025के कार्यवृत्त** निरंक **प्रशासनिक टिप्पणी** Posting orders have already been issued. Please close the item.
MS/52/2021 DY.CPO/Gaz	विद्युत लोको शेड तुगलकाबाद में बेसिक प्रशिक्षण केन्द्र को रेलवे बोर्ड से मान्यता प्रदान करने के संबंध में। विद्युत लोको शेड तुगलकाबाद में बेसिक प्रशिक्षण केन्द्र हेतु वेस्ट सेन्ट्रल रेलवे मजदूर संघ हर स्तर पर प्रशासन के समक्ष मांग करता रहा है। संघ ने इस बाबत स्थाई वार्ता तंत्र की बैठक में भी आउटसेट के माध्यम से इस मद को

	मंडल स्तर पर रखा था कि बेसिक ट्रेनिंग सेन्टर को सुचारू रूप से चलाने के लिए रेलवे बोर्ड से मान्यता मिलनी चाहिए। वर्तमान में विद्युत लोको शेड तुगलकाबाद में 224 लोको का रखरखाव किया जा रहा है तथा निकट भविष्य में यह संख्या 250 या उससे अधिक भी हो सकती है। लोको शेड तुगलकाबाद में प्रशिक्षण हेतु बेसिक ट्रेनिंग सेन्टर का निर्माण हो चुका है जिसका महाप्रबंधक महोदय पश्चिम मध्य रेलवे द्वारा दिनांक 15.05.2013 को विधिवत उद्घाहटन भी किया गया तथा इस ट्रेनिंग सेन्टर में सभी प्रकार के प्रशिक्षण भी चल रहे हैं जिसमें Three Phase लोको के प्रशिक्षण हेतु कोटा, जबलपुर एवं भोपाल मण्डल के साथ-साथ अन्य रेलवे से भी कर्मचारी प्रशिक्षण हेतु आ रहे हैं। इस ट्रेनिंग सेन्टर में एक क्लास रूम, प्रशिक्षक कक्ष के अतिरिक्त पुस्तकालय एवं कम्प्यूटर रूम भी उपलब्ध है। मॉडल रूम में विभिन्न उपकरणों के अतिरिक्त सर्किट डायग्राम व कई लोको उपकरण भी उपलब्ध है। अतः संघ का अनुरोध है कि इस बेसिक प्रशिक्षण केन्द्र को रेलवेबोर्ड से मान्यता प्रदान करने हेतु कार्य करने की आवश्यकता है जिससे यह सुचारू रूप से चल सके। संघ उपरोक्त बाबत् पी.एन.एम. में विस्तृत चर्चा करना चाहता है।
	प्रशासनिक टिप्पणी
	इस कार्यालय के पत्र क्रमांक- WCR/P.HQ/ Ruling/Recog/Trg Centre/ELS/ TKD दिनांक- 19/08/2020 के द्वारा पत्र रेलवे बोर्ड प्रेषित किया गया है। उक्त संबंध में स्मरण पत्र दिनांक 05/03/2021 18/06/2021, 07/09/2021 व WCR/PHQ/ Trg Centre/ELS/ TKD दिनांक- 11/03/2024 को रेलवे बोर्ड प्रेषित किया गया है। जिसका जबाब आज दिनांक तक अप्राप्त है।
	पिछली बैठक दिंनाक 11.03.2025/12.03.2025के कार्यवृत्त
	निरंक
	प्रशासनिक टिप्पणी
	इस कार्यालय के पत्र क्रमांक- WCR/P.HQ/ Ruling/Recog/Trg Centre/ELS/ TKD दिनांक- 19/08/2020 के द्वारा पत्र रेलवे बोर्ड प्रेषित किया गया है। उक्त संबंध में स्मरण पत्र दिनांक 05/03/2021 18/06/2021, 07/09/2021, व WCR/PHQ/ Trg Centre/ELS/ TKD दिनांक-11/03/2024 व 07/03/2024 को रेलवे बोर्ड प्रेषित किया गया है। जिसका जबाब दिनांक 20/05/25 को प्राप्त हो गया है। "To facilitate a well-informed decision on the matter, WCR is again requested to re-visit their proposals including the one made vide letter dt. 01.04.2021, and also. provide a clarity on whether it intends to operate the already recognized STC/Elect/WCR/Kota as BTC/Elect/TKD, or proposes to establish a separate Specialised Training Centre(Elect)". इस संबंध मे कोटा मंडल को आवयक कार्यवाही हेतु पत्र प्रेषित किया है। अतः उक्त मद को समाप्त किया जाये।
MS/28/2022 DY.CPO/Gaz	HRMS मोड्यूल के कारण आ रही परेशानियों के संबंध में। संघ को मण्डल में कार्यरत कर्मचारियों ने बताया है कि जब से HRMS मोड्यूल लागू किया गया है उन्हें कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। आये दिन HRMS मोड्यूल की शिकायते लेकर कर्मचारी एवं उनके परिवारजन आते रहते हैं। संघ ने प्रशासन के समक्ष HRMS मोड्यूल से संबंधित समस्याओं को अपने पीएनएम मद संख्या 8/21 एवं 37/21 के माध्यम से रखा है परन्तु प्रशासन द्वारा कर्मचारियों को HRMS मोड्यूल से संबंधित समस्याओं पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। संघ HRMS मोड्यूल से संबंधित समस्याएं आपके समक्ष प्रस्तुत कर रहा है- 1. HRMS मोड्यूल का सर्वर अधिकतर डाउन रहता है जिसके कारण कर्मचारी आवश्यकता पड़ने पर पास/ पीटीओ इत्यादि का इस्तेमाल नहीं कर पाता है। सर्वर डाउन रहने के कारण HRMS मोड्यूल से आदेश जारी करने में भी विलम्ब हो रहा है। 2. मण्डल में अनेक स्थानों पर नेटवर्क नहीं आ पाता है जैसे दरा स्टेशन के आस-पास के क्षेत्र में मोबाईल नेटवर्क उपलब्ध नहीं हो पाता है जिसके कारण कर्मचारी HRMS मोड्यूल का उपयोग कर ही नहीं पाता है। 3. HRMS मोड्यूल में कर्मचारियों के डेटा भी गलत दर्शाये गये है जिसके कारण भी कर्मचारियों को काफी परेशानी होती है। गलत डेटा होने के कारण कर्मचारी पीएफ निकासी कर पाने में भी असमर्थ रहता है।

	4. कर्मचारियों को HRMS मोड्यूल से कार्य करने के लिए तो कहा गया है परन्तु उन्हें जो कम्प्यूटर अथवा इंटरनेट प्रदान किया गया है उसकी गति इतनी धीमी है कि HRMS मोड्यूल ठीक प्रकार से कार्य ही नहीं कर पाता है जिसके कारण कर्मचारी चाहते हुए भी कार्य नहीं कर पाता है। डिपो अथवा कार्यालय में एक ही कम्प्यूटर उपलब्ध करवाया गया है जिसमें कर्मचारियों के वेतन संबंधी कार्य भी करने होते है। अतः ऐसे डिपो अथवा कार्यालय में पृथक से कम्प्यूटर उपलब्ध करवाया जाये। 5. कई कार्यरत कर्मचारी अथवा सेवानिवृत कर्मचारी ऐसे है जिन्हें स्मार्टफोन का उपयोग करना नहीं आता है उनके लिए HRMS मोड्यूल पूर्ण रूप से व्यर्थ है क्योंकि जब वे स्मार्टफोन का उपयोग ही नहीं कर पाते है तो HRMS मोड्यूल का उपयोग किस प्रकार कर पायेगे? 6. जब कोई कर्मचारी रिजर्वेशन करवाने जाता है तो HRMS मोड्यूल में कर्मचारी के डेटा में थोड़ी सी भी गलती होने पर उसका रिजर्वेशन भी नहीं हो पाता है तथा यह भी देखा गया है कि पास पर Break Journey के समर्थन के बावजूद भी End-to-End रिजर्वेशन की अनुमति दी जा रही है। 7. यदि कर्मचारी को अपने गंतव्य स्थान पर पहुंचने के लिए पीटीओ लेना होता है तथा उस स्थान के लिए कोई सीधी ट्रेन नहीं है तो कर्मचारी को एक से अधिक पीटीओ लेने पड़ते है जबकि पूर्व में एक पीटीओ से ही कर्मचारी किसी भी गंतव्य स्थान पर पहुंच जाता था। 8. वर्तमान में रेलवे सिस्टम पर सभी आदेश एवं भुगतान प्रक्रिया HRMS मोड्यूल के माध्यम से की जाती है जो कि सर्वर डाउन होने के कारण कर्मचारियों के पदोन्नति, स्थानांतरण, गोपनीय रिपोर्ट एवं अन्य आदेश लम्बित होते रहते हैं जिससे कर्मचारियों को पदोन्नति आदेश विलम्ब से मिल पा रहे हैं। अतः HRMS मोड्यूल सही तरीके से कार्यशील नहीं होता है तब तक पुराने सिस्टम को भी समानान्तर रखते हुए कर्मचारियों के पदोन्नति आदेश समय पर निकलवाये जायें। 9. इसी तरह तमाम बिल एवं अन्य भुगतान, एरियर आदि के भुगतान भी HRMS मोड्यूल के माध्यम से ही किये जा रहे हैं जो कि पुराने बकाया एरियर के भुगतान HRMS मोड्यूल के माध्यम से नहीं हो पा रहे हैं उसके लिए भी आई-पास के माध्यम से सिस्टम को चालू रखते हुए भुगतान करवाये जायें। उपरोक्त समस्याओं के कारण कर्मचारी HRMS मोड्यूल का सही प्रकार से उपयोग नहीं कर पा रहा है। अतः जब तक इन HRMS मोड्यूल में इन खामियों को दूर नहीं किया जाता है तब तक मैनुअली ही सब कार्य किये जाने चाहिए जिससे कर्मचारियों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। उपरोक्त बाबत् संघ पी.एन.एम. में विस्तृत चर्चा करना चाहता है ।
	प्रशासनिक टिप्पणी
	1. HRMS का सर्वर को ठीक करने का कार्य **CRIS** द्वारा किया जा रहा है। **2.** एसी कोई स्थिती नही है। **3. HRMs** में कर्मचारी अपना **DATA** स्वSयं सुधार कर**HRMS** में अपने **DC** को भेज संकता है। **4.** सभी कार्यालय में **computer & inter net** की सुविधा सबंधित कार्यालय द्वारा दी जाती है। **5. Railway Board** द्वारा निर्देशित है की सभी कार्य **HRMS module** के जरीए किये जाये। **6. HRMS** के माध्यदम से**Pass generation** के संबंध में **HRMS ds pass module** पूरी तरह से **Pass manual** के नियमानुसार कार्य करता है। **7. HRMS** में यह प्रावधान नही है। **8. Railway Board** द्वारा निर्देशित है की सभी कार्य **HRMS module** के जरीए किये जाये। **9. HRMS** में कोई भी **Module Bills** या भुगतान से जुडा नही है अत: **HRMS** से कोई भी भुगतान नही किए जाते है।
	पिछली बैठक दिंनाक 11.03.2025/12.03.2025के कार्यवृत्त
	निरंक
	प्रशासनिक टिप्पणी
	1. HRMS का सर्वर को ठीक करने का कार्य CRIS द्वारा किया जा रहा है। 2. एसी कोई स्थिती नही है।

	3. HRMs में कर्मचारी अपना DATA स्वऽयं सुधार करHRMS में अपने DC को भेज संकता है। 4. सभी कार्यालय में computer & inter net की सुविधा सबंधित कार्यालय द्वारा दी जाती है। 5. Railway Board द्वारा निर्देशित है की सभी कार्य HRMS module के जरीए किये जाये। 6. HRMS के माध्यदम सेPass generation के संबंध में HRMS ds pass module पूरी तरह से Pass manual के नियमानुसार कार्य करता है। 7. HRMS में यह प्रावधान नही है। 8. Railway Board द्वारा निर्देशित है की सभी कार्य HRMS module के जरीए किये जाये। 9. HRMS में कोई भी Module Bills या भुगतान से जुडा नही है अतः HRMS से कोई भी भुगतान नही किए जाते है।
MS/120/2023 DY.CPO/Gaz	HRMS के माध्यम से छुट्टी के आवेदन में आ रही समस्याओ के संबंध में । HRMS के माध्यम से छुट्टी के आवेदन में आ रही व्यवहारिक रूप से समस्याएँ आ रही है कर्मचारियो ने संघ को अवगत कराया है कि छुट्टी हेतु आवेदन HRMS से करने के बाद अधिकारियो को बताने के बावजूद भी कई अधिकारियो द्वारा समयपूर्व छुट्टी पर स्वीकृति पर निर्णय नही लिया जाता जिससे कर्मचारियो में असमंजस की स्थिति बनी रहती है कर्मचारियो द्वारा कही बाहर जाने के लिए काफी समय पूर्व प्लान बनाया जाता है छुट्टी स्वीकृत हाने पर ही कर्मचारी ट्रेनो आदि में रिजर्वेशन करवाते है वही आकस्मिक परिस्थितियो में अगले दिन की छुट्टी का आवेदन करते है ऐसी स्थिति में यदि आश्वासन देकर छुट्टी पर तत्काल निर्णय नहीं लिया जाता है तथा बाद में छुट्टी अस्वीकृत कर दी जाती है तो फिर कर्मचारी मुसीबत में पड़ सकता है। अतः संघ मांग करता है कि अकस्मिक स्थिति में छुट्टी तत्काल स्वीकृत करने व अन्य मामलो में 1-2 दिवस के अंदर छुट्टी स्वीकृत करने की समय सीमा निर्धारित की जाये। उपरोक्त बाबत् संघ पी.एन.एम. में विस्तृत चर्चा करना चाहता है । **प्रशासनिक टिप्पणी** HRMS के माध्यम से छुट्टी के आवेदन एवं स्वीरकृत के संबंध मेंHRMS के leave मोड्यूल पुरी तरह से IREC-1 अध्यासय5 के नियमानुसर कार्य करता है। कृपया मद समाप्त करें। **पिछली बैठक दिंनाक 11.03.2025/12.03.2025के कार्यवृत्त** निरंक **प्रशासनिक टिप्पणी** HRMS के माध्यम से छुट्टी के आवेदन एवं स्वीककृत के संबंध मेंHRMS के leave मोड्यूल पुरी तरह से IREC-1 अध्यासय5 के नियमानुसर कार्य करता है। कृपया मद समाप्त करें।
MS/05/2025 DY.CPO/GAZ.	दिव्यांग क्वोटे के तहत सहायक कार्मिक अधिकारी के पद पर पदौन्नति के संबंध में। संदर्भ :- आरबीई सं. 16/2024 दिनांक 14.02.2024. उपरोक्त विषय में मुकेष कुमार गोयल, कार्यालय अधीक्षक, सामान्य शाखा, मण्डल रेल प्रबंधक कार्यालय कोटा दिव्यांग कर्मचारी है। श्री मुकेष कुमार गोयल ने सहायक कार्मिक अधिकारी लेवल 08 के पद पर 30 प्रतिषत एलडीसीई क्वोटा में पदौन्नति हेतु जारी विज्ञप्ति दिनांक 08.01.2018 के क्रम मे आवेदन प्रेषित किया था, इस नोटिफिकेषन के तहत आयोजित लिखित परीक्षा का परिणाम मुख्यालय के पत्र सं. WCR/P.HQ/GAZ/Selection/APO Gr.B/LDCE/2018 दिनांक 05.11.2021 को जारी किया गया था, जिसमे कर्मचारी को उत्तीर्ण घोषित किया गया था। कर्मचारी दिनांक 16.11.2021 को आयोजित साक्षात्कार में भी सम्मिलित हुआ था। तत्पष्चात मुख्यालय के पत्र सं WCR/P.HQ/. GAZ/Selection/APO/Gr.B/LDCE/2018 दिनांक 17.11.2021 को पैनल जारी किया गया जिसमे 02 अन्य कर्मचारियों को पैनल पर रखा गया क्योंकि तत्कालीन समय मे विकलांग क्वोटा पदौन्नति में नहीं था। इस संबंध में रेलवे बोर्ड के पत्र सं. आरबीई सं. 74/2022 दिनांक 01.07.2022 के तहत पदौन्नति मे 4 प्रतिषत आरक्षण दिव्यांग कर्मचारियों के लिए आरक्षित किया गया है, जिसमे बिन्दु सं. 01 PWBD कर्मचारी के लिए आरक्षित रखा गया है। आरबीई सं. 97/2022 दिनांक 18.08.2022 के तहत विकलांग कर्मचारियों को आरक्षण का लाभ ग्रुप बी पदो पर पदौन्नति हेतु भी विस्तारित किया गया है। तत्पष्चात आरबीई सं. 16/2024 दिनांक 14.02.2024 के तहत

	पदौन्नति मे दिव्यांग कर्मचारी के आरक्षण को 30.06.2016 से प्रभावी करते हुए पात्र विकलांग कर्मचारियो को पदौन्नति का लाभ भूतलक्षी प्रभाव से नेषनल आधार पर देने का प्रावधान किया गया है। श्री मुकेष कुमार गोयल दिव्यांग कर्मचारी होने के कारण वर्ष 2018 में जारी नोटिफिकेषन के क्रम में विकलांग क्वोटा के तहत पैनल जारी होने की तिथि दिनांक 17. 11.2021 से सहायक कार्मिक अधिकारी के पद पर पदौन्नति हेतु एलडीसीई क्वोटा मे पात्र हैं एवं इस पैनल के आधार पर इन्हे नोप्नल पदौन्नति का लाभ देय बनता है। रेलवे बोर्ड द्वारा यह भी प्रावधान किया गया है कि जो चयन 30.06.2016 से 16.05.2022 के मध्य हुए है उन चयनो मे पात्र कर्मचारियों के लिए विषेष परिक्षाएँ आयोजित करते हुए दिव्यांग कर्मचारियों को लाभ दिया जाये। करे। अतः संघ का अनुरोध है कि उक्त प्रकरण को मुख्यालय स्तर पर उठाने का श्रम उपरोक्त बाबत् संघ पी.एन.एम. में विस्तृत चर्चा करना चाहता है।
	प्रशासनिक टिप्पणी
	यात्री द्वारा किसी भी कर्मचारी के विरुद्ध की गई शिकायत पर जाँच प्रक्रिया के उपरांत ही कार्यवाही सुनिश्चित की जाती है साथ ही यात्रियों द्वारा की गई झूठी शिकायत पर कार्यवाही करने का कोई प्रावधान नहीं है।
	पिछली बैठक दिंनाक 11.03.2025/12.03.2025के कार्यवृत्त
	निरंक
	प्रशासनिक टिप्पणी
	DOPT द्वारा जारी Office Memorandum दिनांक 17.05.2022 के अनुसार PwBDकर्मचारियों को 4% आरक्षण प्रदान किये जाने का प्रावधान किया गया है साथ ही रेलवे बोर्ड के पत्र क्रं- E(GP)/2022/2/20 दिनांक 18.08.2022 के तहत बैंचमार्क दिव्यांग कर्मचारियों को ग्रुप-सी से ग्रुप-बी में पदोन्नति में 4% आरक्षण लागू किये जाने का निर्देश है। उपरोक्त निर्देशानुसार पमरे में ग्रुप-सी से बी पदों पर चयन हेतु महाप्रबंधक महोदय के अनुमोदन से Vacanncy based roster में Point No-13, 38, 63, 88 निर्धारित किया गया है। तत्संबंध में उल्लेख है कि कार्मिक विभाग में सहा. कार्मिक अधिकारी (ग्रुप-बी) के रिक्त पदों पर दिनांक 17.05.2022 से अब तक कुल 03 पदों पर LGS/LDCE के माध्यम से चयन पूर्व में आयोजित किया जा चुका है एवं वर्तमान में आकलित कुल 05 रिक्तियों को शामिल किया जाता है तो ऐसी स्थिति में कुल 08 पदों के लिए चयन प्रक्रिया आयोजित होगी। आवेदक श्री मुकेश कुमार गोयल के आवेदन के संदर्भ में अवगत है कि इस कार्यालय द्वारा APO(Gr.B) के रिक्त पद पर 30 % LDCE कोटे के तहत चयन हेतु अधिसूचना दिनांक 08.01.2018 के द्वारा कुल 02 UR के रिक्त पदों पर चयन हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए जिसमें लिखित परीक्षा में उतीर्ण होनें के उपरांत कुल 05 अभ्यर्थी Viva-Voce हेतु उपयुक्त पाये गये थे एवं प्राप्त अंको में वरिष्ठा के आधार पर कुल 02 अभ्यर्थियों को पैनल (पैनल दि. 17.11.2021) पर रखा गया , ये दोनों अभ्यर्थी श्री मुकेश कुमार गोयल से मेरिट में वरिष्ठ थे। चूकि उक्त चयन में PwBDsके लिए कोई पद आरिक्षत नही था एवं कुल 02 पदों को योग्य कर्मचारियों द्वारा भरा गया था इसलिए श्री मुकेश कुमार गोयल को नोशनल आधार पर पदोन्नति के संबंध में विचार नही किया गया। भविष्य में APO(Gr.B) पदों पर चयन हेतु 13वॉं Point आने पर PwBDके Vacanncyको Notified किया जायेगा।
MS/52/2025 DY.CPO/RECT DY.CPO/GAZ DY.CPO/HRD DGM PCEE भोपल मंडल	भोपाल एवं जबलपुर मंडल की कार्मिक विभाग की समस्याएँ तथा GDCE 01/22 को फाइनल करने के क्रम में । 1. कार्मिक शाखा के कुछ विभागों में आवश्यकता से अधिक मिनिस्ट्रियल स्टॉफ तथा कुछ विभागों में आवश्यकता से कम मिनिस्ट्रियल स्टॉफ सदस्य है इसके निराकरण हेतु कार्मिक शाखा के विभिन्न विभागों में कार्यरत मिनिस्ट्रियल स्टॉफ की पिन प्वांईटिंग जो वर्षो से लंबित है उसे तुरंत प्रभाव से लागू किया जाए। अंतर रेलवे इंटर डिवीजन एवं एडीईएन सबडिवीजन टू सबडिवीजन ट्रांसफर की एप्लीकेशन फॉरवर्ड नहीं की जा रही है , जबकि कर्मचारी एचआरएमएस से भेज चुका है। उसको आगे नहीं बढ़ाया जा रहा है , एवं जिनके स्थानांतरण हो गए हैं उन्हें रिलीव नहीं किया जा रहा है। 2. सभी विभागों में प्रमोशन समय से एवं उचित कम जैसे 4200/- से 4600/2800/- से 4200/2400/- से 2800/ 1900/-से 2400/- 1800/- से 1900 क्रम में प्रमोशन किए जाये।लगभग सभी विभागों में छुट्टियां एचआरएमएस के माध्यम से दी जा रही हैं लेकिन उसे संबंधित सुपरवाइजर एवं अधिकारियों द्वारा माह के अंतिम दिनों में या माह खत्म होने के बाद स्वीकृत करने के कारण कर्मचारियों को ज्ञात नहीं हो पाता है कि कर्मचारियों की छुट्टी स्वीकृत होगी या अस्वीकृत

	होगी। संघ का सुझाव है कि कर्मचारियों को छुट्टी की स्वीकृति आस्वीकृति की जानकारी उसके अवकाश तिथि के 12 घंटे पहले दी जाए यदि ऐसा नहीं होता है तो अवकाश स्वतः स्वीकृत माना जाए । विभिन्न प्रापत्रो की रिसीविंग कर्मचारियों को नहीं मिल पा रही है जिससे कर्मचारियों में भारी रोष एवं कर्मचारियों को अनियमितताओं का सामना करना पड़ रहा है। इसलिए टी.ए.बिल कोई भी एप्लीकेशन अन्य विभिन्न प्रकार के आवेदन सिर्फ और सिर्फ एचआरएमएस के लिए जाये। जिससे पत्र जमा करने की डेट एवं टाइम डिटेक्ट हो सके। 3. GDCE नोटीफिकेशन 01/2022 की प्रोसेस काफी धीमी हो रही है , शीघ्र पूर्ण की जाए। 4. मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय जबलपुर को वातानुकूलित करने के संबंध में। मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय के सभी हालो में पार्टीसन कर अलग-अलग सेक्षन बनाये गये है जिसके कारण कूलर की हवा पूरे हाल को ठंडा नहीं कर पाती न ही हवा आती है अतः संघ की मांग है कि मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय जबलपुर को वातानुकूलित किया जाये। उपरोक्त बाबत् संघ पी.एन.एम. में विस्तृत चर्चा करना चाहता है।
	प्रशासनिक टिप्पणी
	Dy.CPO/Gaz-1. Railway Board has launched new Transfer module in HRMS which is functioning presently. Employee may submit their IRRT/IDRT/Intra division applications through this moudle. However some updation works is still under process by CRIS.

MS/65/2014 Dy.CPO/Rect	स्व. श्री बाबूलाल मीना भूतपूर्व वरिष्ठ लिपिक एसएसई (कार्य) भोपाल की मृत्यु के पश्चात् आश्रित हेतु अनुकम्पा नियुक्ति के संबंध में। स्व. बाबूलाल मीना का निधन दिनांक 03.07.2004 में हो गया था पारिवारिक विवाद के कारण लंबे समय तक मामला विचाराधीन है किन्तु दिनांक 07.07.2011 में माननीय अर्चना सिंह तृतीय व्यवहार न्यायधीश वर्ग। द्वारा श्रीमति उमादेवी व उनके दोनों पुत्रों श्री राकेश आयु 21 वर्ष व रीतेश आयु 14 वर्ष को उत्तराधिकारी प्रमाण पत्र जारी किया गया इसी आधार पर पेन्शन व अन्य भुगतान श्रीमति उमा देवी को दिये गये किन्तु अनुकम्पा नियुक्ति हेतु मंडल प्रशासन से बार बार अनुरोध के उपरांत भी निर्णय नहीं लिया जा सका है। अतः अनुरोध है कि जिस उत्तराधिकारी प्रमाण पत्र के आधार पर पेंशन व अन्य भुगतान किये गये वैसे ही अनुकम्पा नियुक्ति देने हेतु मंडल प्रशासन को आदेशित करें।
	प्रशासनिक टिप्पणी
	Dy.CPO/Rect.- द्वितीय पत्नी से उत्पन्न पुत्री/पुत्री के अनुकंपा नियुक्ति दिए जाने के संबंध में रेलवे बोर्ड से जारी निर्देश आरबीई संख्या 218/2019 दिनांक 30.12.2019 की प्रभावी तिथि हेतु बोर्ड से दिशानिर्देश मांगा गया था। बोर्ड के पत्र दिनांक 30.03.2021 द्वारा स्पष्ट किया गया कि आरबीई संख्या 218/2019 की प्रभावी तिथि दिनांक 30.12.2019 से है। चूँकि यह प्रकरण दिनांक 30.12.2019 से पूर्व का है। अतः बोर्ड के उक्त पत्र के नियमानुसार अनुकंपा नियुक्ति का प्रकरण निपटान हेतु भोपाल मण्डल को परिपत्रित किया गया है। भोपाल मण्डल के पत्र दिनांक 22.09.2021 अनुसार श्रीमती उमा देवी पूर्व कर्मचारी स्व. श्री बाबूलाल मीना की द्वितीय पत्नी है तथा उनके पुत्र श्री राकेश मीना अनुकंपा नियुक्ति के पात्र नहीं है। सक्षम अधिकारी के निर्णयानुसार इस कार्यालय के पत्र दिनांक 14.12.2021 के द्वारा भोपाल मंडल को अवगत कराया जा चुका है। पुनः इस कार्या. के द्वारा संघ को अवगत कराया जा चुका है। अतः संघ से अनुरोध है कि कृपया उक्त मद को समाप्त करें।
	पिछली बैठक दिंनाक 11.03.2025/12.03.2025के कार्यवृत्त
	निरंक
	प्रशासनिक टिप्पणी
	DY. CPO/Rectt.-टिप्पणी यथावत।
MS/61/2016	श्रीमति मोमिता गुई पुत्री श्री स्व. सुबोध गुई , चपरासी, अधीन वरि. डीसीएम. के सभी कैटेगरी मेडीकल अनफिट

Dy.CPO/Rect	उपरांत आश्रित पुत्री को अनुकम्पा नियुक्ति दिये जाने बाबत्। श्रीमति चंद्रलेखा गुई पत्नि स्व. श्री सुबोध गुई चपरासी अधीन वरि. डीसीएम से संघ को शिकायत प्रापत हुई है कि की वर्तमान में तलाकशुदा पुत्री जो कि पिछले 5 वर्षों से अपने छोटे छोटे बच्चों को लेकर पति से विवाद के चलते कर्मचारी के साथ ही रहती है। जिस कारण से पुत्री के भरण पोषण एवं उसके बच्चों की पढ़ाई की जिम्मेदारी भी कर्मचारी को ही उठानी पढ़ रही थी। श्री सुबोध गुई द्वारा चिकित्सा की सभी श्रेणियो में मेडीकल अनफिट होने के उपरान्त आश्रित पुत्री के लिए अनुकम्पा नियुक्ति हेतु आवेदन दिया था। जिस पर मंडल रेल प्रबंधक (कार्मिक जबलपुर) द्वारा का पत्र कमांक जबल/का/620/भर्ती/अनु. नियुक्ति/मोमिता / 3037 दिनांक 05.02.2016 के आधार पर स्व. कर्मचारी की आश्रित पुत्री को अनुकम्पा नियुक्ति नही दिये जा सकने बाबत् अवगत कराया है। तथा इसका कारण पुत्री का पूर्णतः आश्रित न होना बताया गया है। जबकि वास्तव में पुत्री श्रीमति मोमिता गुई का तलाक 24 नवम्बर 2014 को हो चुका था जबकि कर्मचारी की मृत्यु 27 दिसम्बर 2014 को हुई है। अर्थात पुत्री मृत्यु के पूर्व ही कर्मचारी पर पूर्णतः आश्रित थी। अतः रेलवे बोर्ड के नियमानुसार आश्रित पुत्री को अनुकम्पा नियुक्ति दिया जाना चाहिए। उपरोक्त बाबत् संघ पी.एन.एम. में विस्तृत चर्चा करना चाहता है।
	प्रशासनिक टिप्पणी
	Dy.CPO/Rect- जबलपुर मण्डल के पत्र दिनांक 28.11.2019, 13.02.2020 व 05.03.2021, 20.09.2021, 04.10.2021 द्वारा अवगत कराया गया कि अभ्यर्थीनी द्वारा माननीय कैट में दायर ओ.ए. संख्या 200/01016/2018 में माननीय न्यायालय द्वारा पारित निर्णय दिनांक 01.11.2018 के अनुपालन में अभ्यर्थीनी से प्राप्त अभ्यावेदन पर प्रकरण का गहनतापूर्वक अध्ययन कर लिए गए निर्णय से उन्हें पत्र दिनांक 08.02.2019 द्वारा अवगत करा दिया गया है। प्रकरण में अनुकंपा नियुक्ति के लिये आश्रित होने की शर्त मोमिता गुई द्वारा पूर्ण नहीं करने के कारण उनको अनुकंपा नियुक्ति देने बावत् पात्र नहीं माना गया है। अतः संघ से अनुरोध है कि कृपया उक्त मद को समाप्त करें।
	पिछली बैठक दिंनाक 11.03.2025/12.03.2025के कार्यवृत्त
	निरंक
	प्रशासनिक टिप्पणी
	DY. CPO/Rectt.-टिप्पणी यथावत।
MS/05/2017 Dy.CPO/Rect	अनुकम्पा के आधार पर रेल सेवा में नियुक्ति प्रदान करने बाबत प्रकरण श्रीमती कसू बेन देवदा । श्रीमती कसू बेन देवदा के पति श्री राणा धनजी रेल सेवा में गैंगमेन के पद पर कार्यरत थे , श्रीमती कसू बेन देवदा को रेल सेवा में अनुकम्पा नियुक्ति प्रस्तावित है। मण्डल रेल प्रबंधक द्वारा श्रीमती कसू बेन देवदा को जन्मतिथि में भिन्नता पाये जाने के कारण अनुकम्पा नियुक्ति हेतु अमान्य घोषित कर दिया गया है। संघ अवगत कराना चाहता है कि श्रीमती कसू बेन की मतदाता पहचान पत्र, आधार कार्ड, एवं शपथ पत्र में जन्मतिथि 01.01.1971 घोषित है, इसी आधार पर अनुकम्पा नियुक्ति प्रदान की जानी चाहिए। श्रीमती कसू बेन देवदा के पति एवं पुत्र की मृत्यु के उपरांत पारिवारिक लालन पालन हेतु काफी पारिवारिक एवं आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड रहा है। अतः अनुरोध है कि प्रकरण की जाचं कर श्रीमती कसू बेन देवदा को रेल सेवा में अनुकम्पा नियुक्ति प्रदान की जावें। संघ उपरोक्त बाबत् पी.एन.एम. में विस्तृत चर्चा करना चाहता है।
	प्रशासनिक टिप्पणी
	Dy.CPO/Rect- श्रीमती कसू बेन देवदाः- कोटा मण्डल के पत्र दिनांक 21.09.2021 अनुसार अवगत कराया गया कि पूर्व में श्रीमती कसूबेन देवदा पत्नी स्व. राणा धनजी , भूतपूर्व गैंगमेन, अधीन कोटा के अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरण में विधवा के जन्मतिथि में भिन्नता के कारण सक्षम अधिकारी द्वारा अमान्य कर दिया गया था। बाद में विधवा ने अपने छोटे पुत्र श्री सुरेश भाई जोकि 8वीं उत्तीर्ण है, को अनुकंपा नियुक्ति देने हेतु प्रतिवेदन प्रस्तुत किया है। कल्याण निरीक्षक से करायी गयी जाँच में 10वीं में अध्यनरत होने की बात मौखिक तौर पर बताई गई है। 10वीं उत्तीर्ण कर लेने की सूचना प्राप्त होने पर ही नियमानुसार इनके प्रकरण में कार्यवाही की जाएगी। अतः संघ से अनुरोध है कि कृपया उक्त मद को समाप्त करें।

	पिछली बैठक दिंनाक 11.03.2025/12.03.2025के कार्यवृत्त निरंक प्रशासनिक टिप्पणी DY. CPO/Rectt.-टिप्पणी यथावत।
MS/45/2017 Dy.CPO/Rect	भोपाल मंडल में लार्जेस के तहत अनुकंपा नियुक्ति में कोर्ट के न्यायधीश द्वारा दोषमुक्त किया गये प्रकारणों में नियुक्ति दिये जाने बावत् । भोपाल मंडल में अनुकंपा नियुक्ति में नियुक्ति देने के प्रकरणो में आर. आर.सी. और आर.आर.बी उम्मीदवारो को नियुक्ति देने में यदि उनके पुलिस वेरीफिकेशन रिपोर्ट में उनके विरूद्ध कोई मामला अथवा दंड नही होते हुए भी यदि किसी प्रकरणो में कोर्ट के न्यायधीश द्वारा आपसी राजीनामा करके और उम्मीदवारो को दोषमुक्त किया गया है या प्रकरण को समाप्त किया गया है ऐसे कई प्रकरणों में भोपाल मंडल प्रशासन ने नियुक्तिया नही की है। उदाहरणतः श्री रंजीत सिंह आत्मज धरमवीर ट्रेकमेन अधीन वरिष्ठ अनुभाग अभियंता / स्टोर / भोपाल। इस तरह के प्रकरणो की समीक्षा कर उन्हें नियुक्ति प्रदान की जावें । संघ उपरोक्त बाबत् पी.एन.एम. में विस्तृत चर्चा करना चाहता है। प्रशासनिक टिप्पणी **Dy.CPO/Rect-** उक्त मद के संबंध में भोपाल मण्डल के पत्र दिनांक 22.09.2021 द्वारा अवगत कराया गया है कि लार्जेस प्रकरणों में लार्जेस चक्रों के समय जिन अभ्यर्थियों पर पुलिस/न्यायालय प्रकरण लंबित थे तथा संदेह के आधार पर दोषमुक्त किए गए थे , ऐसे प्रकरणों को मण्डल रेल प्रबंधक महोदय ने नियुक्ति हेतु पात्र नहीं माना है। वर्तमान में सभी लार्जेस चक्र समाप्त हो चुके है तथा रेलवे बोर्ड द्वारा माननीय सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार दिनांक 10.03.2021 क तहत पूर्णतः बंद कर दी गई है। अतः संघ से अनुरोध है कि कृपया उक्त मद को समाप्त करें। पिछली बैठक दिंनाक 11.03.2025/12.03.2025के कार्यवृत्त निरंक प्रशासनिक टिप्पणी DY. CPO/Rectt- कर्मचारी दिनांक 31.08.2022 को ट्रेकमैन/ SSE(Pway)Store से सामान्य सेवानिवृत हो चुके है। कर्मचारी के पुत्र रंजीत सिंह को लार्जेस नियुक्ति हेतु अपात्र किया गया था।
MS/11/2018 Dy.CPO/Rect	श्री लक्ष्मी नारायण आत्मज स्व. हल्कई जगन एक्स गैंगमेन सी.पी.डब्ल्यू बी.आर. आर.जी. को अनुकम्पा नियुक्ति प्रदान करने बावत् । स्व. हल्कई जगन जो कि सी.पी.डब्ल्यू.आई. / बी.आर.आर.जी. भोपाल मंडल के अधीन गैंगमेन के पद पर कार्यरत थे उनका देहान्त दिनांक 15.01.2007 को सेवा अवधि के दौरान हो गया था। उस समय कर्मचारी के पुत्र श्री लक्ष्मीनारायण की उम्र 18 वर्ष थी उस समय भी विवाहित था उसने उस समय अनुकम्पा नियुक्ति का आवेदन दिया था तब वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी , भोपाल के पत्रांक भो/वी/वेल/अनु. नियु./ 163/06.07 दिनांक 16.03.2007 द्वारा लक्ष्मीनारायण को निर्देश दिया गया था कि वह चूंकि 8 वी कक्षा उत्तीर्ण नही है। अतः 5 वर्ष के अंदर 8वी कक्षा उत्तीर्ण होकर इस कार्यालय में रिपोर्ट करे तब आपके आवेदन पर अनुकम्पा नियुक्ति की अग्रिम कार्यवाही की जावेगी 1 2010 में 8 वी कक्षा उत्तीर्ण कर ली है, तथा पुनः कर्मचारी के पुत्र ने अनुकंपा नियुक्ति का आवेदन वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी भोपाल को प्रस्तुत किया तब दिनांक 14.06.2010 को पत्र प्राप्त हुआ कि आप विवाहित है इसलिए आपको अनुकंपा नियुक्ति प्रदान नही की जा सकती । स्व. कर्मचारी के परिवार की अत्यधिक दयनीय आर्थिक स्थिति को ध्यान रखते हुये प्रकरण में सहानुभूतिपूर्वक विचार कर अनुकम्पा नियुक्ति प्रदान करें । संघ उपरोक्त बाबत् पी.एन.एम. में विस्तृत चर्चा करना चाहता है। प्रशासनिक टिप्पणी उक्त मद के संबंध में भोपाल मण्डल के पत्र दिनांक 22.9.2021 द्वारा अवगत कराया गया कि पूर्व कर्मचारी स्व. हल्कई जगन की मृत्यु दिनांक 15.01.2007 को हुई थी। कर्मचारी की मृत्यु से पहले पत्नी की मृत्यु हो चुकी थी,

MS/ 02/2025 PCEEPCOM	कोटा मण्डल में रात के समय लॉग हॉल गाडी बनाने के संबंध में। उपरोक्त विषय मे कोटा मण्डल के रनिंग स्टाफ के द्वारा संज्ञान में लाया जा रहा है कि कोटा मण्डल मे रात के समय भी सुविधाओं के अभाव मे लॉग हॉल गाडियों को बनवाया जा रहा है। इस संबंध में रेलवे बोर्ड के पत्र सं. 2022/TT-1/27/1 दिनांक 04.08.2023 मे लॉग हॉल बनाने के लिए जारी गाईड लाईन के अनुसार लॉग हॉल, TXR Location पर हो एवं पाथ वे व लाईटिंग की उचित व्यवस्था हो। कोटा मण्डल मे सुंदलक व भूलोन दोनो ही जगह उचित व्यवस्था नहीं है। संघ का अनुरोध है कि लॉग हॉल बनवाते समय रेलवे बोर्ड के पत्र सं. 2022/TT-1/27/1 दिनांक 04.08.2023 मे बिन्दु सं. 03 की अनुपालना सुनिश्चित की जाये, जिससे कर्मचारी सही प्रकार से संरक्षापूर्वक, सुरक्षित लॉग हॉल बनाकर गाड़ी का संचालन कर सके।उपरोक्त बाबत् संघ पी.एन.एम. में विस्तृत चर्चा करना चाहता है।
	प्रशासनिक टिप्पणी
	PCEE-मद ऑपरेटिंग विभाग से संबंधित है।
	पिछली बैठक दिंनाक 11.03.2025/12.03.2025के कार्यवृत्त
	NIL
	प्रशासनिक टिप्पणी
	PCEE-मद ऑपरेटिंग विभाग से संबंधित है।
MS/ 03/2025 PCE Dy.CPO/HQ	कोटा मंडल के ट्रेकमेन्टेनर्स की वरीयता समूह के संबंध में। उपरोक्त विषय में इन्जी. विभाग में कार्यरत ट्रेकमेन्टेनर्स की वरीयता एसएसई स्तर पर रखी जा रही है। इस वरीयता के कारण एक साथ नियुक्त हुए कर्मचारी अलग अलगवरीयता ग्रुप में नियुक्त होने पर उनके पदोन्नति अवसरो मे

	काफी अंतर आ जाने के कारण कार्यरत ट्रेकमेन्टेनर्स मे असंतोष व्याप्त हो रहा है। इस संबंध में वर्तमान में ट्रेकमेन्टेनर्स की वरीयता एसएसई स्तर पर युनिट के अनुसार होने के कारण पदौन्नति के अवसर भी कम हो जाते है एवं एक साथ भर्ती होने वाले अलग अलग यूनिट के कर्मचारियों में पदौन्नति तिथियों मे विसंगतता आ जाती है। इस संबंध में संघ का सुझाव है कि वर्तमान में चल रही प्रक्रिया पर पुर्नविचार करते हुए ट्रेकमेन्टेनर्स केडर के लिए नई वरीयता नीति निर्धारित की जानी चाहिए। संघ का अनुरोध है कि ट्रेकमेन्टेनर्स की वरीयता के स्तर में संषोधन हेतु आवष्यक कार्यवाही करने का कष्ट करे। उपरोक्त बाबत् संघ पी.एन.एम. में विस्तृत चर्चा करना चाहता है।संघ/पीएनएम/कोटा इन्जी/78दिनांक 22.07.2024 **प्रशासनिक टिप्पणी** **Dy.CPO/HQ-** कोटा मण्डल पर ट्रेकमेन्टेनर्स संवर्ग की वरियता को सहायक मण्डल इंजीनियर स्तर पर करने हेतु इस कार्यालय द्वारा आदेश कमांक WCR-KOTAOPERS (ENGG) /30/2024 दिनांक 30.12.2024 को जारी कर दिया गया है। कृपया मद समाप्त करें। पीसीई- कोटा मंडल में ट्रैकमेन्टेनरों की वरीयता का रख-रखाव अभी तक एसएसई/पीवे डिपो वाईज रखा जा रहा था। मंडल रेल प्रबंधक(कार्मिक) कोटा के पत्र दिनांक 30/12/2024 के अनुसार दिनांक 01/01/2025 से TM- 1,2,3,4 संवर्ग में कार्यरत सभी कर्मचारियों को वर्तमान ग्रेड में कार्य करने की तिथि से, एक ही सहायक मंडल इंजीनियर के अधीन स्थित डिपो की “एकीकृत वरीयता” सूची बनाकर मंडल रेल प्रबंधक(कार्मिक) कोटा को भेजी जा चुकी है। **पिछली बैठक दिंनाक 11.03.2025/12.03.2025के कार्यवृत्त** NIL **प्रशासनिक टिप्पणी** पीसीईई'- यह मद कार्मिक विभाग से संबंधित है।
MS/ 04/2025 PCEE	ड्यूटी के प्रति लापरवाही एवं पद का दुरूपयोग करने के संबंध में। उपरोक्त विषय में पूर्व मे समसंख्यक पत्र दिनांक 15.07.2024 को पत्र भेजा था, उसमे कुछ तथ्य और प्राप्त हुए है जो कि ऑन ड्यूटी टीसीसी एवं ऑन ड्यूटी टीसीसी कम्प्यूटर के द्वारा अपनी मनमर्जी से किसी भी अधिकृत सुपरवाईजर / अधिकारी को सूचित किये बिना अपने स्थान पर अन्य लोको पायलेट को अपनी सीट सौपकर डयूटी से नदारद होना रेलवे नियमों का खुला उलंघन है। यह भी जानकारी में आया है कि श्री इन्द्रदत्त दुबे टीसीसी व टीसीसी कम्प्यूटर धर्मेन्द्र खत्री द्वारा श्री मोहन गुप्ता लोको पायलेट गुडस कोटा को AC/DC/LE का ट्रेन नोटिस देकर लगभग 18.00 बजे डयूटी पर बुक किया गया था एवं उनसे AC/DC/LE का कार्य नही करवाकर अपने स्थान पर 18.00 से 22.00 बजे तक टीसीसी में कार्य करवाया गया जिसकी पुष्टि लॉबी में लगे सीसीटीवी फुटेज या सीएमएस वाउचर के माध्यम से की जा सकती है। जानकारी लेने पर ज्ञात हुआ कि श्री इन्द्रदत्त दुबे टीसीसी व टीसीसी कम्प्यूटर धर्मेन्द्र खत्री जो कि कोटा लॉबी में दिनांक 11.07.2024 को 14:00 बजे से 22:00 बजे की षिफ्ट मे टीसीसी कम्प्यूटर में कार्यरत थे उन्हे किसी विवाह समारोह मे जाना था तो टीसीसी कम्प्यूटर धर्मेन्द्र खत्री द्वारा फर्जी ट्रेन नोटिस बनाया गया और टीसीसी इन्द्रदत्त दुबे अपनी जगह अन्य कर्मचारी जो कि स्क्रीन्ड टीसीसी नही था उसको 18:00 बजे ऑन ड्यूटी करवाकर अपनी जगह ड्यूटी पर बैठा दिया और खुद शादी समारोह में घूमते रहे फिर 22:00 ऑफ ड्यूटी करवाकर घर भेज दिया गया जबकि लॉबी मे गुड्स लोको पायलट की बहुत ज्यादा कमी थी ऐसे समय में उपरोक्त कर्मचारी से लॉबी में ही कार्य करवाया गया। संघ का अनुरोध है कि प्रकरण पर हस्तक्षेप कर दोषी कर्मचारी के विरूद्ध सख्त कार्यवाही करने का कष्ट करें ताकि रेलवे नियमों की अवहेलना न हो ।उपरोक्त बाबत् संघ पी.एन.एम. में विस्तृत चर्चा करना चाहता है। **प्रशासनिक टिप्पणी** **PCEE**-कर्मचारी के पिता केन्सर से पीडित है। दिनांक 11-07-2024 को कर्माचारी 14.00 से 22.00 पारी लॉबी में डयूटी पर आया लेकिन कर्मचारी के घर से पिताजी की तबीयत खराब होने की सूचना आई कर्मचारी ने इसकी सूचना CLI(CCC) कोटा को दी उसके बाद लॉबी ने इनके स्थान पर मोहन गुप्ता को 18.00 बजे डयूटी पर बुलाकर कर्मचारी की रिलीव करवाया। दिनांक 11-07-2024 को पर HRMS अवकाश स्वीकृत करवाया।

	PCEE- कर्मचारी के पिता केन्सर से पीडित है। दिनांक 11-07-2024 को कर्माचारी 14.00 से 22.00 पारी लॉबी में डयूटी पर आया लेकिन कर्मचारी के घर से पिताजी की तबीयत खराब होने की सूचना आई कर्मचारी ने इसकी सूचना CLI(CCC) कोटा को दी उसके बाद लॉबी ने इनके स्थान पर मोहन गुप्ता को 18.00 बजे डयूटी पर बुलाकर कर्मचारी की रिलीव करवाया। दिनांक 11-07-2024 को HRMSपर अवकाश स्वीकृत करवाया।
	पिछली बैठक दिंनाक 11.03.2025/12.03.2025के कार्यवृत्त
	NIL
	प्रशासनिक टिप्पणी
	पीसीईई- कर्मचारी के पिता केन्सर से पीडित है। दिनांक 11-07-2024 को कर्माचारी 14ः00 से 22ः00 पारी लॉबी में डयूटी पर आया लेकिन कर्मचारी के घर से पिताजी की तबीयत खराब होने की सूचना आई कर्मचारी ने इसकी सूचना CLI(CCC) कोटा को दी उसके बाद लॉबी ने इनके स्थान पर मोहन गुप्ता को 18ः00 बजे डयूटी पर बुलाकर कर्मचारी की रिलीव करवाया। दिनांक 11-07-2024 को पर HRMS अवकाश स्वीकृत करवाया।
MS/ 07/2025 PCEE DY.CPO/HQ	पदौन्नति आदेष में अनियमितता के संबंध मे। संदर्भ :- वरि. मण्डल कार्मिक अधिकारी का पत्र सं. ई/ईएल/पावर/839/7 भाग 02 दिनांक 05.03.2024 उपरोक्त संदर्भित आदेषानुसार तक्नी. ।में कार्यरत 03 कर्मचारियों को वरि. तक्नी. में पदौन्नत किया गया है। इस आदेष में टिप्पणी दी गयी है कि श्री जनाबुद्दीन तकनी. ।(पावर) का वरि. तकनी में पदोन्नति प्रकरण सक्षम अधिकारी के पास विचाराधीन है। इस संबंध मे उक्त पदौन्नति आदेष मे श्री जनाबुद्दीन से वरिष्ठ एवं कनिष्ठ कर्मचारियो को पदौन्नत कर दिया गया हैं परंतु जनाबुद्दीन के पदौन्नति आदेष जारी न करना इस बात को दर्शाता है कि श्री जनाबुद्दीन को वर्तमान कार्यस्थल पर ही पदोन्नति का लाभ देने के प्रयास किये जा रहे है। इस प्रकार के आदेष स्थापना नियमो का स्पष्ट उलंघन है। किसी भी परिस्थिति मे वरिष्ठ कर्मचारी को छोड़ कर कनिष्ठ कर्मचारी को पदौन्नत नहीं किया जा सकता है। संघ के संज्ञान में यह तथ्य भी आया है कि श्री जनाबुद्दीन ने झूठे मेडीकल प्रमाण पत्र मंगवाकर अनुचित लाभ लिये जाने की पूर्ण सम्भावना है। यही कारण है कि वरिष्ठ कर्मचारियो को पहले पदौन्नत कर कार्य स्थल से बाहर स्थानान्तरण कर दिया गया है ताकि कनष्ठि श्री जनाबुद्दीन को कार्यस्थल पर पदस्थ कर अनुचित लाभ दिया जा सके।संघ इस प्रकार नियमविरूद्ध जारी प्रक्रिया का पुरजोर विरोध करता है एवं प्रषासन को अवगत कराना चाहता है कि श्री जनाबुद्दीन को वर्तमान कार्यस्थल पर पदस्थ करने की किसी भी प्रकार की साजिष की जाती है तो यह आद्यौगिक संबंधों के बीच मे स्पष्ट दरार उत्पन्न करेगा जिसके लिए प्रषासन स्वंय जिम्मेदार होगा एवं भविष्य में इस प्रकार के प्रकरण आने पर असहज स्थिति का सामना भी करना पड़ सकता है। संघ का अनुरोध है कि श्री जनाबुद्दीन के प्रकरण की सम्पूर्ण जांच, जांच अधिकारी से करवायी जावे और यदि किसी प्रकार के झूठे तथ्य प्रकाष में आये तो विजीलेंस से भी जांच करवायी जा सकती है। साथ ही साथ श्री जनाबुद्दीन को किसी भी प्रकार का अनुचित लाभ नहीं दिया जावे। उपरोक्त बाबत् संघ पी.एन.एम. में विस्तृत चर्चा करना चाहता है।
	प्रशासनिक टिप्पणी
	DYCPO-HQ प्रकरण में कोटा मंडल के कार्यालय आदेश संख्या 121/2025 दिनांक 05.02.2025 के द्वारा कर्मचारी श्री जनाबुद्दीन को वरि.तकनीशियन की पदोन्नति पर सवाईमाधोपुर से रामगंजमंडी स्थानांतरण कर दिया गया है। कृप्या मद समाप्त करे। **PCEE-**यह मद कार्मिक विभाग से संबंधित है।
	पिछली बैठक दिंनाक 11.03.2025/12.03.2025के कार्यवृत्त
	निरंक
	प्रशासनिक टिप्पणी
	PCEE- यह मद कार्मिक विभाग से संबंधित है।
MS/ 13/2025 PCEE PCOM DY.CPO/HQ	भोपाल मंडल के यात्रिंक विभाग से सम्बंधित समस्याएं। 1. जबलपुर से खंडवा मेल एक्सप्रेस का संचालन, सिंगल डिस्टेंट टेरेटरी से डबल डिस्टेंट टेरेटरी में जाना असुरक्षित है, इटारसी डिपो के स्टाफ से सतना तक एवं इटारसी त्से मनमाड़ तक करवाया जाये जो सुरक्षित रहेगा, किमी बैलेंसिंग

	इटारसी डिपो के स्टाफ से हो, इटारसी डिपो का स्टाफ सतना तक एवं मनमाड़ तक कार्य करेंगे ऐसे crew लिंक बनाएं जायें। 2. FSD यदि पूरे वर्ष संचालन करना है तो उसे रेलवे बोर्ड के पत्र कृ /2022/M(L)165/3/दिनांक 18/01/2023 (द्वारा आदरणीय श्री किशोर वैभव, कार्यकारी निदेशक विद्युतीय इंजीनियरिंग, रेलवे बोर्ड) इंजन तक पहुंचाने एवं इंजन से ही कलेक्ट करवाने की व्यवस्था की जाये, LP ALP के पास स्वयं का ही लगभग 30-35 किलो वजन रहता है। 3. भोपाल मंडल में C&W विभाग के 6 कर्मचारी को पत्र कृ /पमरे/पीभो/210/7/जेई/LDCE कोटा/C&W दिनांक 18.07.2024 के द्वारा स्थानांतरण के पूर्व की सेवा को निरन्तर नहीं मानकर LDCE कोटा के अंतर्गत जे.ई की पात्रता सूची में अपात्र घोषित किया गया है जिन्हें शीघ्र पात्र घोषित किया जाये ताकि वह सम्मिलित हो सके। अंकित कुमार, गौरव चौधरी, अमित कुमार, मंगल सिंह, अभिषेक खटीक, अंकुर परिहार, (टेकनी- 11)। उपरोक्त बाबत् संघ पी.एन.एम. में विस्तृत चर्चा करना चाहता है। प्रशासनिक टिप्पणी **PCOM- 1.**भारतीय रेल्वे के विभिन्न खंडों में सिगनलों की भिन्नता (सिंगल डिस्टेंट/डबल डिस्टेंट/ऑटोमेटिक) एवं गति की भिन्नता रहती है जिसके लिये रनिंग स्टॉफ को रोड लर्निंग दी जाती है ताकि सुरक्षित संचालन हो। मंडल/क्षेत्रीय रेलवे के मध्य किमी. बेलेंसिंग का ध्यान रखकर बतमू सपदा बनाये गये हैं। 2.एफ एस डी ;थ्वह ेंमि क्मअपबमद्ध को इंजिन में भेजना एवं कलेक्ट करना यांत्रिक विभाग से संबंधित है। 3.कार्मिक विभाग से संबंधित है। **Dy.CPO(HQ) (3**)- रेलवे बोर्ड के आरबीई संख्या 50/1997 अनुसार स्किल्ड आर्टीजन मैट्रिकुलेट्स को दिया गया 03 वर्ष का प्रषिक्षण, 25 प्रतिषत कोटा के तहत इंटरमीडिएट अप्रेंटिस मैकेनिक्स के चयन में पात्रता के लिए नहीं गिना जाएगा। इसके साथ ही आईआरईएम के पैरा 141(1)(ii)(b) के अनुसार 25 प्रतिषत कोटा के तहत इंटरमीडिएट अप्रेंटिस मैकेनिक्स के चयन में कर्मचारियों की तीन वर्ष की नियमित सेवा अनिवार्य है। रेलवे बोर्ड के आरबीई संख्या 50/1997 तथा आईआरईएम के पैरा 141(1)(ii)(b) के अनुसार भोपाल मण्डल के कैरिज एण्ड वैगन विभाग में 25 प्रतिषत एलडीसीई कोटा द्वारा जारी पात्रता सूची में जिन कर्मचारियों की नियमित सेवा 03 वर्ष से कम है उन्हें अपात्र किया गया है जो कि नियमानुसार सही है। मुख्यालय के पत्र दिनांक 25.10.24 याके तहत महामंत्री WCRMS को जबाब दिया गया है कृपया मद 3 समाप्त करें। PCEE-1 जबलपुर से खंडवा बीट में रनिंग कर्मचारी सुचारू रूपसे कार्य कर रहे है। बीट परिवर्तन संबंधि प्रस्तावों को क्रू लिंक बनाते समय मंडलों द्वारा विचार में लिया जा सकता है। 2. एफएसडी का उपयोग रेलवे बोर्ड के निर्देषानुसार पूरे वर्ष किया जाना है। वैकल्पिक व्यवस्था होने तक वर्तमान व्यवस्था जारी रहेगी। 3.यह मद यांत्रिक विभाग से संबंधित है। पिछली बैठक दिंनाक 11.03.2025/12.03.2025के कार्यवृत निरंक प्रशासनिक टिप्पणी पीसीईई- 1 जबलपुर से खंडवा बीट में रनिंग कर्मचारी सुचारू रूपसे कार्य कर रहे है। बीट परिवर्तन संबंधि प्रस्तावों को क्रू लिंक बनाते समय मंडलों द्वारा विचार में लिया जा सकता है। वर्तमान लिंक यूनियन के सहमति से दिनांक 13.09.2022 को लिया गया। 2. एफएसडी का उपयोग रेलवे बोर्ड के निर्देषानुसार पूरे वर्ष किया जाना है। ऑपरेटिंग विभाग द्वारा वैकल्पिक व्यवस्था होने तक वर्तमान व्यवस्था जारी रहेगी। 3.यह मद यांत्रिक विभाग से संबंधित है।
MS/ 16/2025 PCEE, PCME, Dy.CPO/HQ	भोपाल मंडल के डीजल शेड से सम्बंधित समस्याएं। 1. डीजल लोको शेड इटारसी के सुपरवाइजर्स का अपग्रेडेशन 01.01. 2022 वाला बाकी है, आज दिनांक तक नहीं दिया गया है। कृपया 2. वन्दे भारत ट्रेन भोपाल में पद सहित ट्रांसफर किए गए हैं उन पदो को वापस डीजल शेड को दिए जाएं। 3. लम्बे समय से डीजल शेड स्टॉफ JE, MCM, तक. । , तक.।।, आदि की पदौन्नति नहीं की गई है कृपया तत्काल

	प्रभाव से जिस किसी भी रिक्त पद हैं उने पदौन्नत करे।उपरोक्त बाबत् संघ पी.एन.एम. में विस्तृत चर्चा करना चाहता है।
	प्रशासनिक टिप्पणी
	PCME- 1) डीजल लोको शेड के कर्मचारियों के अपग्रेडेशन हेतु प्रकरण पर लेखा विभाग द्वारा दिनांक 04.03.2025 को वित्तीय सहमति प्राप्त हो गयी है जिस पर अग्रिम कार्यवाही प्रकियाधीन है। (2) भोपाल में वन्दे भारत ट्रेन संरक्षण हेतु चयनित कर्मचारियों की लियन एवं वरीयता को जबलपुर मंडल के भांति मूल विभाग द्वारा अनुरक्षण किये जाने हेतु मुख्यालय को इस कार्यालय के पत्रांक-पमरे/का-डीजल/वन्दे भारत दिनांक 16.01.2024 को पत्र भेजा गया है। जिस पर मुख्यालय द्वारा मंडल स्तर पर निर्णय लेने के लिये निर्देशित किया गया था। अतः उक्त आशय पर सक्षम अधिकारी की सहमति उपरांत वन्दे भारत ट्रेन में कार्यरत कर्मचारियों की लियन एवं वरीयता उनके मूल विभाग में ही रहेगी। (3) डीजल लोको शेड के एसएसई/विद्युत ग्रेड पे रू.4600 में विभागीय कोटे की 02 पद दि.01.03.2025 को रिक्त होने पर रिक्तियों का आंकलन कर प्रकरण वरि.मं. यॉं. इंजी./ डीजल शेड/इटारसी के समक्ष प्रेषित किया गया है। वर्तमान में एम.सी.एम. में विद्युत एवं लोको में कोई पद रिक्त नहीं है। टेक्नी।। से टेक्नी.-। में कर्मचारियों के 02 वर्ष पूर्ण होने पर भरे जायेंगे **PCEE-** 1 डीजल लोको शेड इटारसी के सुपरवाइजर का अपग्रेडेशन 01.01.2022 वाला मंडल रेल प्रबंधक (का.) भोपाल द्वारा किया जा रहा है। 2 मंडल रेल प्रबंधक (का.) भोपाल से संबंधित है। 3 तकनी । से वरि.तकनी (MCM) .आ.क्रः 1392/2024/ DSL दिनांक 18.10.2024 के अनुसार 7 कर्मचारी को पदोन्नती किया गया। तकनी ।।। से तकनी ।। का.आ.क्रः 1549/ DSL /2024 दिनांक 21.11.2024 के अनुसार 25 कर्मचारी को पदोन्नती प्रदान किया गया। तकनी ।। (वि) से तकनी । (वि) का.आ.क्रः 1544/ 2024/DSL दिनांक 21.11.2024 के अनुसार 23 कर्मचारी को पदोन्नती प्रदान की गई है। तकनी ।। से तकनी । का.आ.क्रः 1652/ 2024/ DSL दिनांक 18.12.2024 के अनुसार 14 कर्मचारी को पदोन्नती प्रदान की गई है।
	पिछली बैठक दिनाक 11.03.2025/12.03.2025के कार्यवृत
	निरंक
	प्रशासनिक टिप्पणी
	पीसीईई- 1 का.आ.क्र:-562 /DSL/ UPGRADATION/ 2025 दिनांक 16.05.2025 के अनुसार सुपरवाइजर्स (विधुत) का अपग्रेडेशन हो गया है तथा सुपरवाइजर्स (यांत्रिक) का अपग्रेडेशन हेतु स्क्रीनिंग शीट सहमति के उपरांत मडंल कार्यालय भोपाल भेजी जा चुकी है। 2 वर्तमान में वन्दे भारत ट्रेन के संचालन हेतु स्थानांतरित कर्मचारियों कि लियन एंव वरीयता डीजल लोको शेड में है तथा बीना मेमू शेड में स्थानांतरित कर्मचारियों की लियन एवं वरीयता डीजल लोको शेड में है। जिसके कारण डीजल लोको शेड में रिक्तियां हैं, परन्तु वह गिनती में नहीं आ रही है। 3 का.आ.क्र:-431/2025/DSL दिनांक:-09.05.2025 के अनुसार 02 जे.ई. का SSE में पदोन्नत किया गया है तथा का.आ.क्र: 546/2025/DSL दिनांक:-14.05.2025 के अनुसार 01 जे.ई. का SSE में पदोन्नत किया गया है। का.आ.क्र:-5342025/DSL दिनांक 07.05.2025.के अनुसार तकनी ।। से तकनी । में 03 कर्मचारियों को पदोन्नत किया गया है।का.आ.क्र: 534/2025DSL दिनांक: 06.05.2025 के एक पेंटर को तकनी ।। से । में पदोन्नत किया गया है। का.आ.क्र :-1710/2024/DSL दिनांक:30.12.2024 के अनुसार एक तकनी । को Sr TEC में पदोन्नत किया गया है।
MS/ 32/2025 PCEE KOTA/DIV.	लोको रनिंग सवंर्ग के कर्मचारियों की छबड़ा गुगौर/ मोतीपुरा चौकी मे पदस्थापना के संबंध में। उपरोक्त विषय मे दिनांक 29.04.2025 को पत्र सं. WCR-KOTAOPERS(EM)/26/2025 दिनांक 29.04.2025 द्वारा कोटा मण्डल के रनिंग स्टाफ से छबड़ा गुगोर व मोतीपुरा चौकी स्टेशन पर कार्य करने हेतु इच्छुक कर्मचारियों से आवेदन मांगे गये है। उपरोक्त विषय मे वेस्ट सेन्ट्रल रेलवे मजदूर संघ अवगत कराना चाहता है कि वर्तमान में मोतीपुरा चौकी से जो कार्य प्रणाली चल रही है क्या इससे प्रशासन संतुष्ट नहीं है? तथा छबड़ा गुगोर पर पदस्थापना की बात कहाँ से आ रही है? क्या प्रशासन ने इस पर चर्चा कर ली है कि इस स्टेशन पर स्टाफ रखने से क्या लाभ क्या हानि होने वाली है? क्या मोतीपुरा चौकी की गाड़ियों छबड़ा गुगोर आकर फिर जायेंगी? क्या छबड़ा गुगोर में रहने वाला

	स्टाफ ऑन ड्यूटी मोतीपुरा चौकी जाकर करेगा? यदि नहीं तो छबड़ा गुगोर से वहाँ जाने में ही उसको 01 घंटे से ज्यादा का समय लगेगा साथ ही साथ वहाँ सड़क मार्ग से आने और जाने का जो जोखिम है एवं रेवेन्यू का नुकसान है, वह अलग से है। इस प्रकार के अतार्किक और मनमाने आदेश निकालने से पहले मान्यता प्राप्त संगठन से चर्चा करें उसके उपरांत ही आगे कोई कार्यवाही करें। पूर्व में भी मोतीपुरा चौकी में जो लॉबी व रनिंग रूम खोले गये है उस पर भी महाप्रबंधक महोदय एवं पी.सी.ओ.एम. से मीटिंग के उपरांत यह आरंभ हुआ है और उसमे किस प्रकार वर्किंग करना है और किस प्रकार कोटा मण्डल गाड़ियों का संचालन करेगा इन सब पर चर्चा उपरांत इसे शुरू किया गया था, इसलिए इस प्रकार के आदेश नहीं निकाले जाये । संघ का अनुरोध है कि छबड़ा गुगौर/मोतीपुरा चैकी मे रनिंग स्टाफ के पदस्थापना आदेशो तुरंत प्रभाव से निरस्त किया जाये और संघ से इस विषय पर चर्चा उपरांत ही कोई कार्यवाही की जाये। उपरोक्त बाबत् संघ पी.एन.एम. में विस्तृत चर्चा करना चाहता है ।संघ/पीएनएम/कोटा लोको/217 दिनांक 30.04.2025
	प्रशासनिक टिप्पणी
	पीसीईई- वर्तमान में मोतीपुरा चौकी हेतु स्टायफ 2 माह के लिए रोटेशन बेस पर भेजा जा रहा है जिस कारण कोटा मंडल के मालगाड़ी लोको पायलटों का सीएमएस में यूटिलाईजेशन कम प्रदर्शित होता है । इसलिए वहा पर स्था ई तैनाती की गयी है क्योंलकि मोतीपुरा चौकी में स्टापफ को स्था ई रूप से तैनात करने हेतु उचित नागरिक सुविधाएं उपलब्धे नहीं है। इसलिए छबड़ा गुगोर को विकल्प के तौर पर चुना गया है।
MS/ 33/2025 PCEE KOTA DIV.	लोको पायलट की Suitablityके संबंध में। उपरोक्त विषय में लेख है कि मण्डल मे प्रचलित नीति जो कि Diverted Trains के लिए Suitablity List जारी की जाती है उस Suitablity List के लिए वर्तमान मे मुख्यालय से कुछ दिशा-निर्देश दिये गये है। वह दिशा-निर्देश इस प्रकार है कि यदि उसके अनुरूप कार्य किया जायेगा तो मण्डल का रनिंग स्टाफ एवं प्रशासन गाड़ियाॅ ही नहीं चला पायेगा। नई नीति के अनुसार कोई भी लोको पायलट यदि किसी सेक्शन मे पिछले 02-03 साल मे नहीं गया है तो उसका नाम Suitablity List मे नहीं होगा। संघ यह अवगत कराना चाहता है कि अकेले कोटा मण्डल मे ही इस प्रकार के खण्ड है जहाॅ मालगाड़ी का वर्किंग नहीं होने पर भी यात्री गाड़ी लोको पायलट एवं मेल एक्सप्रेस लोको पायलट को वहा उस खण्ड मे कार्य करने जाना पड़ता हैं। इसी प्रकार अन्य मण्डल के लोको पायलट भी कोटा मण्डल मे आ रहे जबकि उनका अन्य कोई बीट उस खण्ड मे नहीं है। साथ ही साथ यह भी अवगत कराना आवश्यक है कि किसी कर्मचारी पर DAR है तो उसका नाम Suitablity Listमे नहीं रखा जा रहा है और वह DAR है जो 02-03 वर्ष पूर्व खत्म हो चुका है या फिर सेफ्टी से संबंधित नहीं है। वहीं यदि कर्मचारी को पदोन्नत करना हुआ तो वहा सीधे उसे पदोन्नत किया जायेगा और नई नीति के अनुसार उसे Suitablity List जो कि Diverted Trains चलाने के लिए है मे शामिल नहीं किया जायेगा। यह भी एक विरोधाभासी विषय है। इसलिए वरीयता के अनुसार कर्मचारियों को Suitablity List मे रखा जाये, कोई मेजर DAR है तो उस प्रकरण मे उसे अलग से देखा जा सकता है, किन्तु सामान्य या सेफ्टी से जुड़े मुद्दे नहीं है उन्हे इसमे रखा जाये। साथ ही साथ यह भी कहा गया है कि ALP जो यात्री गाड़ी पर चल रहे है उनका भी Suitablityहै तो यहा वेस्ट सेन्ट्रल रेलवे मजदूर संघ अवगत कराना चाहता है कि रनिंग स्टाफ बहुत ही महत्वपूर्ण स्टाफ है और वह कई प्रकार की परीक्षाआंे, Psycho Test पास करने बाद चयनित किया जाता है। समय समय पर उसके मेडीकल परीक्षण भी होते है, और यह अलग से एक नई क्रिया जोड़ना कर्मचारियों मे असंतोष का करण बनने के साथ साथ उनका मनोबल भी कम करेगी। इसीलिए वरीयता के अनुसार ही उन्हे यात्री गाड़ियों पर चलाया जाये। यहाॅ पुनः वह नीति भी लागू होगी कि जब भी पदोन्नति होगी तो वहा उनकी वरीयता देखी जायेगी तो इस बात का कोई महत्व नहीं रह जाता है कि यात्री गाड़ी पर चलाने से पूर्व उनका Suitablity Test हो। उपरोक्त बाबत् संघ पी.एन.एम. में विस्तृत चर्चा करना चाहता है । संघ/पीएनएम/कोटा लोको/209 दिनांक 27.03.2025
	प्रशासनिक टिप्पणी
	नई उपयुक्तटता सूची बनाई जा रही है। जिसमे सभी को शामिल किया जा रहा है।
MS/ 36/2025 PCEEकोटामंड	बिना मनोवैज्ञानिक परीक्षा के रनिंग केटेगरी से हटाये जाने के संबंध में प्रकरण श्री भगवान सिंह मीना, लोको पायलट गंगापुर सिटी।

ल	उपरोक्त विषय में लेख है कि श्री भगवान सिंह मीना, लोको पायलट/गंगापुरसिटी ने संघ को अवगत कराया है कि उन्हे बिना मनोवैज्ञानिक परीक्षा का मौका दिये रनिंग विभाग से हटाकर टीआरडी विभाग मे समायोजित कर दिया गया है। इस संबंध मे लेख है कि कर्मचारी का वर्ष 2020 मे भरतपुर यार्ड मे लोको के 02 व्हील अवपथन की घटना हुई थी तथा यह घटना गलत हैण्ड सिगनल व मूवमेन्ट पूरा हुए बिना कॉटो का संचालन किये जाने के कारण हुई थी, यह एक यार्ड दुर्घटना थी। यह SPAD दुर्घटना नहीं थी और यदि इसे SPAD दुर्घटना माना गया तथा जो इसकी जॉंच JAG ग्रेड के अधिकारी द्वारा की जानी चाहिए थी, परंतु इसे पर्यवेक्षकों की कमेटी द्वारा किया गया था। साथ ही SPAD दुर्घटना के बाद लोको पायलट को मनोवैज्ञानिक परीक्षा उत्तीर्ण करने के पश्चात ही रनिंग ड्यूटी मे बहाल किया जाता है परंतु कर्मचारी का कोई मनोवैज्ञानिक परिक्षण नहीं करवाया गयाएवं रनिंग ड्यूटी मे बहाल कर लिया गया। इसके पश्चात वर्ष 2022 मे कर्मचारी द्वारा SPAD की घटना हुई जिसमे दण्ड स्वरूप कर्मचारी को 02 वर्ष के लिए लोको पायलट शंटर के पद पर पदावनत कर दिया गया था। 02 वर्ष पूर्ण होने के पश्चात कर्मचारी को रिफ्रेशर करवाकर मनोवैज्ञानिक परीक्षा के बाद रनिंग ड्यूटी मे लोको पायलट गुड्स के पद पर पुनः पदस्थ किया जाना चाहिए था। परंतु कर्मचारी को मनोवैज्ञानिक परीक्षण हेतु न भेज कर सेफ्टी/तकनीकी रिफ्रेशर करवा दिया गया और बिना सहमति के ही स्क्रीनिंग कमेटी द्वारा तकनी. II/टीआरडी के पद पर पदस्थ कर दिया गया। रेलवे बोर्ड के नियमानुसार SPAD का 01 केस होने के बाद लोको पायलट को दण्ड पूर्ण के पश्चात ट्रेनिंग/मनोवैज्ञानिक परीक्षा करवाकर वापस रनिंग ड्यूटी मे बहाल किया जाता है। परंतु कर्मचारी के साथ ऐसा नहीं किया गया एवं नियमों का उलंघन किया गया है। यदि कर्मचारी को किसी प्रकार का ओवर पेमेन्ट किया गया है तो उसकी कर्मचारी के वेतन से कटौती की जा सकती है, परंतु नियमो को ताक पर रखकर कर्मचारी को सरप्लस घोषित कर रनिंग विभाग से निकाल देना न्याय संगत नहीं है। संघ का अनुरोध है कि श्री भगवान सिंह मीना, लोको पायलट/गंगापुरसिटी के प्रकरण पर पुनः जांच करते हुए उन्हे मनोवैज्ञानिक परीक्षा का मौका दिया जाये एवं वापस रनिंग विभाग मे पदस्थ करवाने का कष्ट करें। उपरोक्त बाबत् संघ पी.एन.एम. में विस्तृत चर्चा करना चाहता है । संघ/पीएनएम/कोटा लोको/ 205 दिनांक 19.03.2025
	प्रशासनिक टिप्पणी
	पीसीईई- वर्ष 2022 में हुई एसपाड की घटना के बाद लोको पायलट भगवान सिंह मीना की मनोवैज्ञानिक परीक्षा करवाने पीसीएसओ/पमरे जबलपुर से अनुमोदन मांगा गया था परंतु पीसीएसओ/पमरे महोदय द्वारा मनोबैज्ञानिक परीक्षा करवाने हेतु अनुमोदन नहीं दिया गया है इसलिए उन्हेंथ मनोवैज्ञानिक परीक्षा हेतु नहीं भेजा गया ।
MS/ 37/2025 PCEE कोटामंडल	जोनल रेलवे में कर्मचारियों की कार्यप्रणाली के संबंध में। उपरोक्त विषय मे वेस्ट सेन्ट्रल रेलवे मजदूर संघ मौखिक रूप से कई बार प्रशासन को अवगत करा चुका है कि इन दिनो मण्डल मे लगातार मीटिंग ही मीटिंग चल रही है बाकि अन्य कार्यो पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है विशेष रूप से रेल कर्मचारियों के हित के कार्य है उन पर कार्य करने के लिए प्रशासन के पास समय नहीं है क्योंकि लगातार यह देखा जा रहा है कि ब्राच ऑफिसर मीटिंग मे व्यस्त है। जब वह मीटिंग मे व्यस्त रहेंगे तो बाकि सभी कार्य प्रभावित रहेंगे। जिसका परिणाम यह हो रहा है कि सेक्शन मे सुपरवाईजर परेशान है एवं वहा कार्य करने वाले कर्मचारी भी परेशान है। जब ब्रांच आॅफिसर व्यस्त रहेंगे तो वे आवश्यक दिशा निर्देश समय पर नहीं दे पायेंगे और जब समय पर दिशा निर्देश नहीं दिये जायेंगे तो संरक्षा के कार्य भी प्रभावित होंगे। सुपरवाईजर को इस प्रकार से कार्यभार दे दिया गया है कि वे तनाव मे कार्य कर रहे है जिससे उनका पारिवारिक जीवन भी प्रभावित हो रहा है क्योंकि सुपरवाईजर के पास समय नहीं है क्योंकि उन्हे अन्य कार्य पर लगातार लगाया जा रहा है। इस बात का इससे भी अंदाजा लगाया जा सकता है कि कितने तनाव मे कर्मचारी कार्य कर रहे कि साप्ताहिक विश्राम के लिए भी मण्डलो से आदेश दिये जा रहे है कि साप्ताहितक विश्राम देना सुनिश्चित किया जाये। जब कर्मचारियों को साप्ताहिक विश्राम ही सुनिश्चित नहीं है तो वह कितने तनाव मे कार्य कर रहे होंगे, उनका पारिवारिक जीवन भी किस प्रकार प्रभावित हो रहा होगा? इसलिए जो बैठको का दौर है उसमे से कुछ समय निकाला जाये और ब्रांच आॅफिसर अपना समय रेल कर्मचारियों एवं उनके परिवारजनो के हित के लिए भी निकाले और रेल संरक्षा के लिए भी कार्य हो। साथ ही साथ यह भी देखा जा रहा है कि कुछ भी निर्णय लिये जा रहे है, रनिंग स्टाफ को परेशान करने के लिए कहीं भी

	रेस्ट रूम व मुख्यालय खोले जा रहे है यह भी नहीं सोचा जाता है कि उन्हे कितनी दूर आना-जाना पड़ेगा, उससे क्या नुकसान होने वाले है? इस प्रकार चर्चा किये बगैर एवं बिना सोचे समझे यह निर्णय नहीं लिये जाने चाहिए। उपरोक्त बाबत् संघ पी.एन.एम. में विस्तृत चर्चा करना चाहता है ।
	प्रशासनिक टिप्पणी
	पीसीईई- परिचालन की आवश्क.ताओं को ध्या‍ेन में रखते हुए 9 घण्टेज के नियम की अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए नए रेस्ट- रूम एवं मुख्या.लय खेले गए है।
MS/ 40/2025 PCEEभोपलमंडल	TL&AC रानी कमलापति डिपो में कंपनी के फैलियर पर कर्मचारियों को चार्ज सीट देकर प्रताड़ित करना तथा ठेकेदार एसी मैकेनिक की ड्यूटी में कुप्रबंधन । उपरोक्त विषय के अंतर्गत रानी कमलापति TL&AC डिपो से अतिरिक्त 01667/68, 01663/64स्पेशल गाड़ी चल रही है तथा भोपाल निजामुद्दीन एक्सप्रेस 12155/56को भी आगे बढ़ा दिया गया है अतः इसमें भी दो रेक लगाकर 4रेक कर दिये गए हैं 3दिन की अपेक्षा अब 5 दिन मे गाड़ी लौट कर आती है । गर्मी के सीजन में गाड़ियो (रेको) की संख्या बढ़ाना TL&AC RKMP के ऊपर दोहरी असर करता है एक अनुरक्षण के लिए कर्मचारी चाहिए, दूसरा लाइन पर जाने के लिए कर्मचारी चाहिए लाइन पर यदि तबीयत खराब होती है तो अगली लाइन पर जाने के लिए कर्मचारी मना करते हैं तो सुपरवाइजर बोलते हैं कि आपको जाना पड़ेगा अतः जबरदस्ती से लाइन पर भेजा जा रहा है रेस्ट भी नहीं मिल पाता है प्रॉपर और 5 दिन लगातार लाइन पर चलते हैं । Sr.DEE(G), भोपाल ने अतिरिक्त कार्य हेतु अतिरिक्त स्टाफ की व्यवस्था नहीं की है स्टाफ के नाम पर सुपरवाइजर चुप्पी साथ लेते हैं तथा उपकरण का फेलियर को कर्मचारियों पर डालकर उनका चार्ज सीट द्वारा प्रताड़ित किया जा रहा है । अभी RBC फैलियर में दो कर्मचारियों ओम प्रकाश नेमा एवं देवेंद्र ठाकुर को चार्ज सीट दे दी गई है ना कोई गाड़ी का डिटेंशन हुआ था सिर्फ रेल मदद कंप्लेंट हुई थी जबकि यह rake इंदौर का पहली बार RKMP आया था और पूरे 22 कोच में कोई न कोई परेशानी थी कई कंपनी के RBC/EBC/Cell AC equipment खराब थे कंपनी को फौरन सूचित किया गया लेकिन कंपनी के कर्मचारी आने में दो तीन दिन का समय लगता हे जबकि RAKE को उसी दिन जाना होता है। ठेकेदार को लाभ देकर कर्मचारियों को प्रताड़ित करना न्यायोचित नही है । एक रेलवे कर्मचारी से पूरे 22 कोच में एसी, पंखे, पानी , मोबाइल चार्जर उसके साथ पावर कार जनरेटर लोको से HOG सप्लाई और सिर्फ 1 घंटे पहले ड्यूटी बुलाया जाता हैं । ठेकेदार के कर्मचारी व उनकी कोई भी जिम्मेदारी नही है, 12155/56 पर ठेकेदार के 4 स्टाफ (2पावर कार ृ2 एसी कोच हेल्पर)इनकी जिम्मेदारी भी रेलवे का सिर्फ एक कर्मचारी एक एसी कोच मेकेनिक (ACM) पर डाली जा रही है । यात्री रेल मदद शिकायत के नाम पर कर्मचारियों को चार्ज सीट देकर प्रताड़ित किया जा रहा है तथा स्टा‍ॅफ का काम करना मुश्किल हो रहा है। अतः अनुरोध है कि 12156/12155 के रैक को बढ़ाने व स्पेशल गाड़िया‍ॅ चलाने तथा अनुपात में स्टा‍ॅफ का उपलब्ध न कराना, प्रशासनिक कुप्रबंधन के कारण स्टा‍ॅफ को चार्ज शीट्स देना आदि तत्काल बंद किया जाकर नए कार्यो के अनुरूप स्टा‍ॅफ की व्यवस्था के साथ मैकेनिकस को बाहरी स्टेशनों पर आरामदायक विश्रामालयो की व्यवस्था की जावें ।उपरोक्त बाबत् संघ पी.एन.एम. में विस्तृत चर्चा करना चाहता है ।
	प्रशासनिक टिप्पणी
	पीसीईई- गाडियों का संचालन मुख्यालय से जारी परिपत्र /आदेशों के अनुसार किया जा रहा हैं। कर्मचारियों को नियमानुसार गाडियों पर बुक किया जाता है तथा नियमानुसार देय रेस्ट अथवा देय ओवर टाइम/ अन्य भत्तों का भुगतान किया जाता है। गाडी की precooling के दौरान कर्मचारियों द्वारा उचित monitoring न किए जाने के आरोप में आरोप पत्र जारी किए गए हैं। रिक्त पदों पर कर्मचारियों की पदस्थापना हेतु कार्मिक विभाग से लगातार समन्वय किया जा रहा है।
MS/ 51/2025 PCEE भोपलमंडल	गुना डिपो के विद्युत सेक्शन एव कार्य को अन्य SSE डिपो के सामान वितरण करवाने । एसएसई/विद्युत / गुना का कार्यक्षेत्र मक्सी से ग्वालियर एवम मुंगावली से गुना तक है जिसके अंतर्गत 540 किलोमीटर क्षेत्र 41 रेलवे स्टेशन 50 परसैंटेज इंस्टॉलेशन, रनिंग रूम, लिफ्ट, स्पार्ट, 2 जंक्शन, 5 जिला मुख्यालय स्टेशन है गुना के अतिरिक्त शिवपुरी शाजापुर ब्यावरा अशोकनगर डिपो के ठेकेदारी कार्य, समस्त स्टेशन के असेट्स, संयुक्त निरीक्षण, अधिकारी निरीक्षण मदों पर कार्य, समय-समय पर ड्राइव, स्टोर, आउटसाइडर विद्युत कनेक्शन, आदि कार्यों के

	लिए वरिष्ठ अनुभाग अभियन्ता / विद्युत अनुरक्षण / गुना को ही जिम्मेदारी दी हुई है जिससे अत्यधिक दबाव की स्थिति में कार्य करना होता है। अतः संघ की मांग है कि गुना डिपो के विद्युत सेक्शन एव कार्य को अन्य SSE डिपो के सामान वितरण करवाने का प्रबंध करें। कार्यभार के अनुसार नए पद सृजित किए जाएं एवम रिक्त पदों को अविलंब भरा जाए। उपरोक्त बाबत् संघ पी.एन.एम. में विस्तृत चर्चा करना चाहता है।
	प्रशासनिक टिप्पणी
	पीसीईई- एसएसई गुना का कार्य क्षेत्र मक्सी से ग्वालियर एवं गुना से मुंगावली तक है जो कि भोपाल मण्डल की ब्रांच लाइन पर स्थित है। इसके अंतर्गत अधिकांश स्टेशन रोड साइड स्टेशन हैं जहां गाडियों का आवागमन अपेक्षाकृत अति सीमित संख्या में होता है तथा विद्युत असेट्स अपेक्षाकृत सीमित संख्या में है। मण्डल के विद्युत (सामान्य) विभाग की वर्तमान स्वीकृत पिन पोइंटिंग के अनुसार एसएसई गुना के अंतर्गत सुपरवाइजर के 4 पद स्वीकृत है जिनमें से शिवपुरी में 1 स्वीकृत पद वर्तमान में रिक्त चल रहा है। मण्डल में सुपरवाइजर के कुल स्वीकृत 22 पद में से 3 पद वर्तमान में रिक्त चल रहे हैं रिक्त पदों पर कर्मचारियों की पदस्थापना हेतु कार्मिक विभाग से लगातार समन्वय किया जा रहा है। कार्मिक विभाग से कर्मचारी मिलने पर शिवपुरी के रिक्त पद पर कर्मचारी की पदस्थापना शीघ्र ही की जाएगी। एसएसई गुना का कार्य क्षेत्र मक्सी से ग्वालियर एवं गुना से मुंगावली तक है जो कि भोपाल मण्डल की ब्रांच लाइन पर स्थित है |इसके अंतर्गत अधिकांश स्टेशन रोड साइड स्टेशन हैं जहां गाड़ियों का आवागमन अपेक्षाकृत सीमित संख्या में होता है तथा विद्युत असेट्स अपेक्षाकृत सीमित संख्या में हैं | मण्डल के विद्युत (सामान्य) विभाग की वर्तमान स्वीकृत पिन पोइंटिंग के अनुसार एसएसई गुना के अंतर्गत सुपरवाइजर के 4 पद स्वीकृत हैं जिनमें से शिवपुरी में 1 स्वीकृत पद वर्तमान में रिक्त चल रहा है | मण्डल में सुपरवाइजर के कुल स्वीकृत 22 पद में से 3 पद वर्तमान में रिक्त चल रहे हैं रिक्त पदों पर कर्मचारियों की पदस्थापना हेतु कार्मिक विभाग से लगातार समन्वय किया जा रहा है |कार्मिक विभाग से कर्मचारी मिलने पर शिवपुरी के रिक्त पद पर कर्मचारी की पदस्थापना शीघ्र ही की जाएगी |
MS/ 52/2025 DY.CPO/RECT DY.CPO/GAZ DY.CPO/HRD DGM PCEE भोपलमंडल	भोपाल एवं जबलपुर मंडल की कार्मिक विभाग की समस्याएँ तथा GDCE 01/22 को फाइनल करने के क्रम में । 1. कार्मिक शाखा के कुछ विभागों में आवश्यकता से अधिक मिनिस्ट्रियल स्टॉफ तथा कुछ विभागों में आवश्यकता से कम मिनिस्ट्रियल स्टॉफ सदस्य है इसके निराकरण हेतु कार्मिक शाखा के विभिन्न विभागों में कार्यरत मिनिस्ट्रियल स्टॉफ की पिन प्वांइटिंग जो वर्षो से लंबित है उसे तुरंत प्रभाव से लागू किया जाए। अंतर रेलवे इंटर डिवीजन एवं एडीईएन सबडिवीजन टू सबडिवीजन ट्रांसफर की एप्लीकेशन फॉरवर्ड नहीं की जा रही है, जबकि कर्मचारी एचआरएमएस से भेज चुका है। उसको आगे नहीं बढ़ाया जा रहा है, एवं जिनके स्थानांतरण हो गए हैं उन्हें रिलीव नहीं किया जा रहा है। 2. सभी विभागों में प्रमोशन समय से एवं उचित कम जैसे 4200/- से 4600/2800/- से 4200/2400/- से 2800/ 1900/-से 2400/- 1800/- से 1900 क्रम में प्रमोशन किए जाये।लगभग सभी विभागों में छुट्टियां एचआरएमएस के माध्यम से दी जा रही हैं लेकिन उसे संबंधित सुपरवाइजर एवं अधिकारियों द्वारा माह के अंतिम दिनों में या माह खत्म होने के बाद स्वीकृत करने के कारण कर्मचारियों को ज्ञात नहीं हो पाता है कि कर्मचारियों की छुट्टी स्वीकृत होगी या अस्वीकृत होगी। संघ का सुझाव है कि कर्मचारियों को छुट्टी की स्वीकृति आस्वीकृति की जानकारी उसके अवकाश तिथि के 12 घंटे पहले दी जाए यदि ऐसा नहीं होता है तो अवकाश स्वतः स्वीकृत माना जाए । विभिन्न प्रापत्रो की रिसीविंग कर्मचारियों को नहीं मिल पा रही है जिससे कर्मचारियों में भारी रोष एवं कर्मचारियों को अनियमितताओं का सामना करना पड़ रहा है। इसलिए टी.ए.बिल कोई भी एप्लीकेशन अन्य विभिन्न प्रकार के आवेदन सिर्फ और सिर्फ एचआरएमएस के लिए जाये। जिससे पत्र जमा करने की डेट एवं टाइम डिटेक्ट हो सके। 3. GDCE नोटीफिकेशन 01/2022 की प्रोसेस काफी धीमी हो रही है, शीघ्र पूर्ण की जाए। 4. मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय जबलपुर को वातानुकूलित करने के संबंध में। मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय के सभी हालो में पार्टीसन कर अलग-अलग सेक्षन बनाये गये है जिसके कारण कूलर की हवा पूरे हाल को ठंडा नहीं कर पाती न ही हवा आती है अतः संघ की मांग है कि मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय जबलपुर को वातानुकूलित किया जाये।

	उपरोक्त बाबत् संघ पी.एन.एम. में विस्तृत चर्चा करना चाहता है।
	प्रशासनिक टिप्पणी
	1.यह मद कार्मिक विभाग से संबंधित है। 2. यह मद कार्मिक विभाग से संबंधित है। 3 यह मद कार्मिक विभाग से संबंधित है। 4 वर्तमान में कार्यालयीन भवन वातनूकूलित किये जाने हेतु अनुरूप नहीं है न ही कार्यालयों को वातानूकूलित किये जाने की पमरे में कोई पॉलिसी उपलब्धा नहीं है।
MS 53/2025 PCEE भोपलमंडल	ETL कर्मचारियों की समस्याओ के संबंध में। ETL टेक्नीशियनों को मेल एक्सप्रेस में लगातार पांच से सात दिनों तक कार्य करना पडता है, रेस्ट रूम की सुविधा नहीं है। अभी 12155 का स्टाफ RKMP से NZM & NZM से INDB व वापस NZM आकर फिर RKMP तक कार्य करता है। बीच में लगातार रेस्ट NZM में थी तो रेस्तु हाउस भी सुविधा नहीं है। भोपाल व आरकेएमपी के ईटीएल स्टाफ की बहुत कमी है विभाग की पिन पॉइंटिंग /रिस्ट्रकचरिंग विगत 10 वर्षो से नहीं की गयी। भोपाल से ट्रेन केमांक 22165/22166/22167/22168/22145) 22146 एवम 11271 व 11272 मे मेन्टेनेस व स्कार्टिंग के लिए पद नहीं बढ़ाये गये इसी प्रकार अन्य मंडलो मे भी स्थिति है। जिससे कर्मचारियों पर कार्य का बोझ बढ़ता जा रहा है। पिन पाइटिंग कर पदस्थापना की जाये।उपरोक्त बाबत् संघ पी.एन.एम. में विस्तृत चर्चा करना चाहता है।
	प्रशासनिक टिप्पणी
	कर्मचारियों को बाहरी स्टेशनों पर विश्रामालय की सुविधा हेतु पत्राचार किया गया है। रिक्त पदों पर कर्मचारियों की पदस्थापना हेतु कार्मिक विभाग से लगातार समन्वय किया जा रहा है। पदों की pin pointing का कार्य किया जा रहा है।
MS/ 54/2025 PCEE भोपलमंडल	भोपाल मण्डल में रनिंग कर्मचारियो की समस्यायें। 1. भोपाल मण्डूल में सीएलआई के 66 पद स्वीकृत है वंतमान में 54 कार्यरत है। सीएलआई का पद अत्यंत महत्वपूर्ण एवं सरक्षा से जुडा है। रेल्वे बोर्ड के नियम के विरुद्ध प्रति सीएलआई 25 से 30 लोको पायलट एवम शंटर आवंटित है। SPM डाउन लोडिंग, CCVRS की जाँच, प्रति सप्ताह 2 से 3 ड्राइव की शिफ्ट लगाकर काउंसलिंग एवम अधिकारियो के साथ फुट प्लट। FSD तथा Signal, लोकेशन लुक अपडेट करना, लोको फैल्योर केस में TRS सुपरवाईजर के साथ CLI भेजना प्रतिदिन आटोमेटिक ववज व सर्टिफिकेट हेतु ड्यूटी लगाना एवंम अन्य कार्य देकर उनके मूल कार्य से विमुख किया जा रहा है। संघ अनुरोध है कि उपरोक्त कार्य को देखते हुए, लोको पायलट स्पेशल ड्यूटी (सीएलआई) में कार्य करवाया जाये ताकि कार्य स्मूथ रूप से हो सके व कार्यरत सी एल आई पर कार्य का बोझ कम हो । 2. भोपाल मण्डल में LPP व LPG पद काफी समय से रिक्त हैं। रेल्वे बोर्ड के पत्र क्रमाक RRB-49/2024 दिनांक 30/8/24 के अनुसार, महाप्रबंधक के अनुमोदन के पश्चात सहायक लोको पायलट (जो एमएलडी पास हो) को ालोको पायलट गुड्स सहायक के प्रमोशन किया जा सकता है। जिनके 60000 KM एवं 2 वर्ष से अधिक सेवा हो प्रमोशन की प्रक्रिया प्रारम्भ की जाये। 3. भोपाल मण्डल में रनिंग स्टाफ को वर्तमान में दो-दो रनिंग रूम में रोका जा रहा है अर्थात 6 घंटे का रेस्ट देकर 10 से 11 घंटे ड्यूटी करवायी जा रही कभी-कभी तो आऊट स्टेशन रनिंग रूम में 16 घंटे से 24 घंटे भी रोका जाता है। स्टॉफ तीन-तीन दिन बाद मुख्सालय आकर 16 घंटे में ही बुक हो जाता है। इस प्रकार के संचालन से रेल प्रशासन को कोई लाभ नहीं है। बल्कि मुख्यालय मे पोजीशन ठीक न होने से कर्मचारी के रेस्ट अवकाश के कमी हो रही है जिससे कर्मचारी के के परिवारिक एवं सामाजिक दायित्व के निर्वहन न होने से रेल संचालन में तनावपूर्ण वातावरण निर्मित है। 4. मण्डल में बीड़, PSSS बीना रिफाईनरी में साईड़िग बनी जिसमें 10-12 रेक प्रतिदिन आते जाते है जहाँ रेक लोड़िग, अनलोडिग होती है वहाँ पर पाथ-वे, लाईट, पीने का पानी पर्याप्त नहीं है, और जो स्टॉफ जाता है, उसे अत्यधिक परेषानी होती है उसे मुख्यालय स्तर पर बातचीत हो। 5. मण्डल में 3 लाईन, मण्डल में नई गाड़ियो का जुड़ना, मण्डल में आटोमेटिक सेक्शन, स्टॉफ पर्याप्त मात्रा मे उपलब्ध न होना वर्तमान में कर्मचारियों के पास जो कार्य है उससे अत्यधिक कार्य करना और जो रेल कर्मचारी है, उन्हे समय से प्रमोशन न मिलना जिसके कारण कर्मचारी अत्यधिक परेशान हो रहे है, गम्भीर बीमारियों से पीड़ित हो रहे हैं।

	अतः स्टॉफ उपलब्ध कराये जाए। 6. भोपाल डिपो द्वारा 22222/22221 का संचालन किया जा रहा है, उक्त गाड़ी का पिछले एक वर्ष से स्टापेज भुसावल स्टेशन पर हो गया हैं। परन्तु भुसावल स्टेशन पर क्रू चैन्जिग प्वाइंट नहीं गया हैं। उक्त गाड़ी का क्रू जलगाँव स्टेशन पर ही चेंज हो रहा है, जो आपरेशनल दृष्टिकोण से उचित नहीं है क्योकिं पहले तो वह पुल रात्रि की गाड़ी हैं। दूसरा जलगाँव से रोड ट्रांसपोर्ट से क्रू को वापिस रनिंग रूम आना होता है लगभग 25 से 30 Km. By Road Sr.Loco Pilot का आना जाना सुरक्षा की दृष्टिकोण से सही हैं। संघ का मत है कि उक्त गाड़ी का स्टापेज भुसावल है तो स्टॉफ बदलने की व्यवस्था भुसावल में ही की जावे। ताकि पूर्णतया संरक्षा सुरक्षा से उक्त ट्रेन का संचालन किया जा सकें। 7. झॉसी के पुराने रनिंग रूम में पलंगो की व्यवस्था डोरमेट्री स्टाइल में है ALP, LP एवं ट्रेन मैनेजर साइड जिसके कारण एक स्टाफ की कॉल लगने पर उस रूम में रेस्ट करने वाले समस्त क्रू डिस्टर्ब हो जाते हैं। उनकी पृथक-पृथक व्यवस्था सोने की जावे। इसी प्रकार झॉसी रनिंग रूम भोजन व्यवस्था, कूलर / AC की व्यवस्था भी उचित नहीं हैं। कूलिंग की व्यवस्था इस प्रकार होनी चाहिये कि सभी पलंगो पर पर्याप्त कूलिंग समान रूप् से हो सके। 8. बीना रनिंग रूम का भोजन का स्तर काफी घटिया है आये दिन भोजन में मक्खी, कॉकरोच आते हैं। सब्जियों सड़ी गली बनायी जाती है, Sr.DDE/TRO (BPL) से उक्त विषय में कई दफा औपचारिक तथा अनोपचारिक रूप से चर्चा हुई हैं। वह भी अपनी मजबूरी बता कर जिम्मेदारी से मुक्त हो जाते हैं। ठेकेदार को बदला जावे अथवा उचित व्यवस्था करने का श्रम अति आवश्यक हैं। उपरोक्त बाबत् संघ पी.एन.एम. में विस्तृत चर्चा करना चाहता है।
	प्रशासनिक टिप्पणी
	पीसीईई- . CLI के पदों को भरने हेतु री-इंगेजमेंट के लिए मुख्यालय प्रस्ताव भेजा गया है। अभी री-इंगेजमेंट हेतु मुख्यालय से स्वीकृति नहीं मिली है। SPM एनालिसीस हेतु स्पेशल ड्यूटी रनिंग स्टाफ /लाइट जॉब वाले रनिंग स्टाफ को बुक किया जा रहा है। सी.एल.आई. पर से बोझ कम करने हेतु तीन स्टेशनरी ड्यूटी सी.एल.आई को ओपेन लाइन पर भेजा गया है 2. लोको पायलट पैसेंजर के वर्तमान में 22 पद रिक्त हैं, पद भरने हेतु उपयुक्तता सूची 22-05-2025 को जारी कर दी गयी है। भोपाल मंडल में 121 LPS है, उनमें से अधिकांश 2 साल पूरे करने वाले हैं। LPS के रहते हुए ALP से लोको पायलट गुड्स बनाना रेलवे बोर्ड के पत्र क्रमांक ई(एनजी)I/2023/पी/एम7/7(ई-3437106) के अनुसार नहीं है । आगामी कुछ ही महीनों में इन्हीं LPS को LPG में पदोन्नति दी जाएगी । 3. क्रू को विश्राम एवं गाड़ियों के महत्व में सामंजस्य स्थापित कर कार्य कराया जाता है, यथासंभव राउंड ट्रिप के पश्चात एवं आउट स्टेशन से गाड़ियों के फोरकास्ट के अनुसार क्रू को स्पेयर भी किया जाता है ।कभी-कभी क्रू को रनिंग रूम में अधिक समय के लिए रोका जा सकता है,जब कि फोरकास्ट के अनुसार गाड़ियां नहीं चल पाती हैं । 4.PSS अथॉरिटी ने बताया कि पेयजल हेतु नयी बोरिंग SANCTIONED हो गई है। LIGHT हेतु HIGHMAST TENDER हो चुका है। पाथवे हेतु गति शक्ति के अंतर्गत कार्य किया जाएगा । बीना रिफाईनरी हेतु पाथवे, पेयजल एवं LIGHT हेतु सीनियर डी.ओ.एम. द्वारा 15-05-2025 को पत्र लिखा जा चुका है ।पुनः इस कार्यालय द्वारा पत्र 26-05-2025 को भेजा गया है। 5. स्टाफ की मांग क्रू रीव्यू में की गयी है । 6. पूर्व में वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (टी.आर.ओ)/ भुसावल को पत्र लिखा जा चुका है । पुनः 23-5-2025 को पत्र व्यवहार किया गया है । 7.सीनियर डी.ई.ई.ऑपरेटिंग VGLJ को क्रू की पर्याप्त सुविधा हेतु पूर्व मे पत्र 09-04-2025 को लिखा जा चुका है । पुनः 23-5-2025 को पत्र लिखा गया है 8. गहन मॉनिटरिंग की जा रही है, इस तरह के प्रकरणों में पेनाल्टी क्लास के अनुसार पेनाल्टी लगाई जा चुकी है ।
MS/ 57/2025 PCEE	जबलपुर मंडल के रनिंग कर्मचारियों के कार्य करने में होने वाली समस्याओं के संबंध में। उपरोक्त विषयांतर्गत जबलपुर मंडल में रनिंग कर्मचारियों की वर्किंग वीट लगातार कम होती जा रही, जबलपुर मंडल के भौगोलिक क्षेत्र में दूसरे मंडलो एवं अन्य रेलवे के क्रू से लगातार काम कराया जा रहा है जिससे मंडल में रनिंग कर्मचारियों के भविष्य पर प्रभाव पड़ रहा है, एएलपी कैडर में 8 से 10 वर्ष हो गये। किंतु लोको पायलट की पदोन्नति नहीं हो पा रही है :-

	1. जबलपुर इटारसी-जबलपुर भौगोलिक क्षेत्र भी जबलपुर मंडल का है, किंतु मालगाड़ी में भोपाल मंडल के इटारसी क्रू को लगातर लगाया जा रहा है, जोकि थ्रू गाडियां पार्सल, एन बाक्स जैसी गाड़ियों इटारसी से जबलपुर आते है, जबकि जबलपुर का 8 से 10 क्रू इटारसी रनिंग रूम में हमेशा उपलब्ध रहते है तथा उनका आउट स्टेशन रेस्ट औसतन 14-15 घंटे रहता है कभी-कभी 24 से 30 घंटे भी आउट स्टेशन रेस्ट हो जाता है, क्योंकि इटारसी स्टाफ को लगाया जाता है, ज्यादा क्रू होने पर भी स्पेयर भी नहीं किया जाता, जिससे मुख्यालय में क्रू की उपलब्धता कम हो जाती है। कुंभ के दौरान स्पेषल गाड़ियों पर काम करने हेतु इटारसी क्रू को इटारसी जबलपुर खंड में अस्थायी रुप से कार्य करने हेतु दिया गया था। परंतु आज भी स्पेशल ट्रेन 0 नंबर से शुरु होने वाली गाड़ी इटारसी क्रू के द्वारा जबलपुर तक चलाया जा रहा है। जोकि तत्काल बंद होना चाहिये। 2. जबलपुर मंडल के सागर डिपो का क्रू सेक्शन सागर-गुना, सागर-निषातपुर व सागर-झांसी में कार्य करता था, किंतु वर्तमान में सागर डिपो के क्रू को सागर-एनकेजे खंड में कार्य कराया जा रहा। जबकि वर्तमान में उपरोक्त खंड में गुना/कोटा क्रू, भोपाल क्रू व झांसी क्रू काम कर रहे है, इस प्रकार मंडल के क्रू की वर्किंग वीट कम की जा रही है जोकि जबलपुर मंडल के क्रू के साथ अन्याय है तथा भविष्य के साथ खिलवाड है। अतः सागर डिपो की पुरानी वीट पर अनुपातिक कार्य सागर डिपो के क्रू से कराया जाये। 3. सतना डिपो की मालगाड़ी कार्य करने की क्रू वीट सतना-छिवकी तथा सतना-बांदा थी जिसमें कि वर्तमान में छिवकी व बांदा का स्टाफ आता है तथा उन्हें स्पेयर न करते हुये सतना से बांदा व छिवकी गाड़ी चलाने हेतु बुक किया जाता है। परिणाम स्वरुप मंडल के सतना डिपो के क्रू का आउट स्टेशन रेस्ट बांदा व छिवकी में बढ़ रहा है। जिससे मंडल के क्रू का पूर्ण रुप से उपयोग नहीं हो रहा है। 4. वर्तमान में सभी मालगाड़ियों के क्रू को सेक्शन में 9 घंटे से अधिक कार्य करने का मेमो दिया जा रहा है। किंतु ओव्हर आवर्स ड्यूटी कराने का कोई भी उचित कारण नहीं लिखा जाता है जबकि बोर्ड ने केवल इमरजेंसी में ऐसा मेमो देकर कार्य कराने हेतु ० आदेषित किया है, किंतु मंडल में बिना किसी कारण के प्रतिदिन ओव्हर आर्वस कार्य कराया जा रहा है। जोकि रनिंग कर्मचारियों के आक्रोश को कम करने के लिये मेमो पर प्रतिबंध लगाना अतिआवश्यक है। 5. मंडल में जबलपुर, नकज, सतना, सागर, व ब्यौहारी डिपो के क्रू द्वारा मालगाड़ियों का संचालन किया जाता है, किंतु सभी डिपो में साइडिंग वर्किंग के कारण क्रू को मुख्यालय वापिस नहीं आने दिया जाता, बल्कि 3-3 राउंड ट्रिप कराकर बीच सेक्शन में रिलीव हुये क्रू को मुख्यालय के स्थान पर आउट स्टेषन की तरफ स्पेयर भेजा जाता है। जबकि रेलवे बोर्ड द्वारा सभी रेलो को निर्देषित किया गया है कि मंडल स्तर पर कोशिश की जाना चाहिये कि 32 घंटे में क्रू वापिस मुख्यालय आ सके। लेकिन बोर्ड के आदेष के विरुद्ध टारगेटेड 72 घंटे पूरा करने की मंडल में कोशिश की जा रही है। इस कार्य के लिये तीनो शिफ्ट में एक क्रू कन्ट्रोल कन्ट्रोल आफिस में ड्यूटी पर तैनात रहते है, जोकि शीघ्र ही नई व्यवस्था बनाकर लोको पर उपलब्ध कराया जाये। 6. रेलवे बोर्ड के आदेषानुसार एफएसडी को लोको पर उपलब्ध कराया जाये व लोको से उतारा जाय जबकि दूसरे मंडल / रेलो पर यह व्यवस्था लागू हो गई, किंतु मंडल के अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई जिसके कारण अपने सामान के साथ-साथ एफएसडी भी एएलपी को ढोने को मजबूर होना पड़ रहा है। 7. सेफ्टी के दबाव में रनिंग कर्मचारियों के उपर डीएआर लगाकर बड़ी संख्या में चार्जशीट दी जा रही है कितुं ओव्हर आवर्स कार्य कराने, रनिंग स्टाफ को अनावष्यक प्रताड़ित करने के लिये सेफ्टी के दबाव में ऐसे कर्मचारियों / अधिकारियों पर कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है। अतः मानवीय पहलुओं को ध्यान में रखते हुये डीएआर के अंतर्गत प्रताड़ना कम की जाये। 8. मेल एक्सप्रेस पैसेंजर लोको पायलट के पदो में रिक्तियों होने के कारण दूसरे मंडल/रेलवे की तरह जबलपुर मंडल में भी लोको पायलट गुड्स को स्क्रीन्ड कर मेल एक्सप्रेस पैसेंजर गाड़ियों में कार्य कराया जाता है। किंतु अचानक केवल जबलपुर डिपो के स्क्रीन्ड लोको पायलट की स्क्रीनिंग निरस्त कर दी गई। इस संबंध में संघ को कोई सूचना भी नहीं दी गई आपसे अनुरोध है कि सभी लोको पायलट गुड्स की स्क्रीनिंग बहाल की जाये। जिससे महत्वपूर्ण गाड़ियों का उचित संचालन हो सके। 9. मंडल पर पैसेंजर/मेल परिचालक के कई पद खाली है पिछले एक साल से पदस्थापना नहीं हो पा रही है जिससे उक्त केटेगरी को प्रोमोषन का लाभ नहीं मिल रहा है। पैसेंजर/मेल में पदस्थाना नहीं होने के कारण मंडल स्तर पर

	कैटेगरी का स्वयं के अनुरोध पर स्थानांतरण लंबित है अतः संघ मांग करता है कि पैंसेजर / मेल परिचालक की प्रोमोषन लिस्ट शीघ्र जारी किया जाये। 10. मुख्यालय के आदेषानुसार मंडल में रनिंग कर्मचारियों को एक बार मुख्यालय से गाड़ी लगने के बाद 72 घंटे से पहले मुख्यालय वापिस न आने पाये इसकी मानिटरिंग क्रू कन्ट्रोल द्वारा की जा रही है जबकि रेलवे बोर्ड के पत्र कं E (LL) 2009/her/1 RBE 37/2010 Dt-25.02.2010 के अनुसार सभी जोनल रेलवे को निर्देशित किया गया था, कि रनिंग कर्मचारियों का आउट स्टेशन डिटेशन को कम करके 36 घंटे किया जाये। परंतु मंडल में इसके विपरीत यदि कोई सीधी गाड़ी मुख्यालय की ओर आ रही है एवं क्रू के 72 घंटे नहीं हुये तब छोटे छोटे डिपो / साइडिंग में रिलीव कराकर 3-4 रनिंग रूम में हाल्ट कराया जाता है जोकि अमानवीय कृत्य है एवं रनिंग कर्मचारियों को प्रताड़ित करने की कार्यप्रणाली है संघ की मांग है कि 36 घंटे में रनिंग स्टाफ को मुख्यालय वापिस किया जाये। 11. मुख्यालय के आदेषानुसार मंडल में रनिंग कर्मचारियों को आउट स्टेशन से मुख्यालय की ओर स्पेयर न किया जाये जबलपुर मंडल में आउट स्टेशन के रनिंग रूम में खाली बेड न होने पर भी स्पेयर नही किया जा रहा। बल्कि 12 घंटे ड्यूटी करने के बाद वेड के लिये 2 से 3 घंटे इंतजार करना पड़ता है एवं आउट स्टेशन रेस्ट 16 से 20 घंटे तक हो रहा है जिससे मुख्यालय में रनिंग स्टाफ की उपलब्धता कम हो जाती है एवं मुख्यालय रेस्ट घटकर 16 घंटे हो जाता है कर्मचारी परिवार को समय नहीं दे पा रहे है जिससे रनिंग कर्मचारियों में आकोष है। 12. जबलपुर-इटारसी खंड में एनटीपीबी साइडिंग है जहां पर रनिंग कर्मचारियों को रेस्ट करने के लिये कंपनी द्वारा रेस्ट रुम बनाया गया है जहां पर 3 कमरो में 10 बेउ लगे हुये है अक्सर सभी बेड भरे रहते है बेड पाने के लिये क्रू को इंतजार करना पड़ता है साथ ही साथ 3 कमरो में केवल एक कमरे में ही टायलेट एवं वाथरुम है अतः तीनो कमरे के कर्मचारी एक ही जगह टायलेट बाथरुम का उपयोग करते है जिससे उस कमरे में रेस्ट कर रहे कर्मचारियों का रेस्ट भंग होता है जोकि रेल संरक्षा के लिये धारक है। 13. जबलपुर मंडल में मालगाड़ी क्रू से लगातार ओव्हर आवर्स कार्य कराया जा रहा है क्रू द्वारा ओव्हर आवर्स में रिलीव मांगने पर क्रू कन्ट्रोल द्वारा धमकी दी जाती है यदि रिलीव मांगा तो दो दिन तक मुख्यालय वापिस नहीं करेंगे एवं 14 घंटे से अधिक ड्यूटी होने पर रनिंग कर्मचारियों से स्पष्टीकरण मांगा जाता है जबकि ओव्हर आवर्स ड्यूटी प्रशासन कराता है। 14. सेफ्टी के नाम पर डीएआर का दुर्पयाग की फुटेज पर कही माइक्रोस्लीप, चश्मा न पहनने पर, जंबाई लेने पर चार्जरीट जारी कर दंडित किया जा रहा है जोकि रनिंग कर्मचारियों को प्रताड़ित करने का काम है संघ की मांग है कि इस तरह से डीएआर का दुर्पयोग रोका जाये। 15. रनिंग कर्मचारियों की रिक्तियों के कारण समय पर अवकाश नहीं मिल पाता यहां तक की परिवार में शादी या शोक होने पर छुट्‌ट नहीं मिलती यदि रनिंग कर्मचारी का घर जान अतिआवश्यक होता है तब अनुपस्थिति दर्शाते हुये डीएआर का वेजा प्रयोग किया जाता है जोकि तत्तकाल बंद होना चाहिये। 16. रेलवे बोर्ड के दिशा निर्देश के अनुसार प म रेल की सीमा से लगे अन्य जोनल रेलवे के साथ गाड़ियों के किलोमीटर बैलेंस किए जाएं ताकि प म रेल के रनिंग कर्मचारियों के पदोन्नति के अवसर कम ना हो सकें। 17. प.म. रेल में अंतर्मंडलीय गाड़ियों के किलोमीटर का बैलेंस किया जाए जिससे मंडल पर रनिंग स्टाफ की रिक्तियों का सही सही आकलन हो सके तथा उनके पदोन्नति के अवसर कम ना हों। 18. इटारसी जबलपुर / कटनी खंड में इटारसी क्रू द्वारा मालगाड़ियों तथा विशेष गाड़ियों का संचालन बंद किया जाए, क्योंकि यह सेक्शन पूरी तरह से जबलपुर मंडल के अधीन है। 19. CVVRS/SPM की रिपोर्ट के आधार पर DAR के अंतर्गत कार्रवाई बंद किया जाए। रेलवे बोर्ड के दिशा निर्देश अनुसार सभी लोको में AC लगाया जाए तथा यह सुनिश्चित किया जाए कि वे सुचारू रूप से काम करते हैं। उपरोक्त बाबत् संघ पी.एन.एम. में विस्तृत चर्चा करना चाहता है।
	प्रशासनिक टिप्पणी
	वर्तमान समय में ज़ेड.आर.टी.आई. भुसावल में 210 विभागीय सहायक लोको पायलटों को चयनित कर उनमें से 208 सहायक लोको पायलटों को प्रारम्भिक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम के लिए भेजा गया । वर्ष 2024 का क्रू रिव्यू किया जा रहा है जिसे मुख्यालय भेजा गया है । (1) मुख्यालय के दिशा निर्देशों के अनुसार 50 % बीट इटारसी के पास है । रनिंग रूम डिटेन्शन ज्यादा होने पर

	भोपाल मंडल को मैसेज देकर रनिंग कर्मचारियों को मुख्यालय वापस कराया जाता है । (2) मुख्यालय के दिशा निर्देशों के अनुसार क्रू बीट का निर्धारण किया गया है तथा उसी अनुसार कार्य कराया जा रहा है। (3) सतना डिपो के कर्मचारियों को प्रतिदिन बांदा तथा छिवकी बुक किया जा रहा है तथा छिवकी एवं बांदा में सरप्लस होने पर रनिंग कर्मचारियों को मुख्यालय वापस कराया जाता है । (4) यह मद परिचालन विभाग से संबन्धित है । (5) JBP-STA, NKJ-SGO, STA-REWA एवं JBP-ET खंड में समान्यतः एक राउंड ट्रिप के बाद मुख्यालय वापस कराया जा रहा है तथा NKJ-SGRL खंड में 50 घंटे पूर्ण होने के बाद मुख्यालय वापस कराया जाता है । (6) जबलपुर मंडल के जबलपुर डिपो में आउट स्टेशन स्टाफ की एफ.एस.डी. जबलपुर लॉबी में जमा की जा रही है एवं ऑनड्यूटी के समय ड्यूटी पर जाने वाले कर्मचारी को दी जा रही है । (7) कर्मचारियों को पहले समझाइस / काउंसिल की जाती है । पुनरावृत्ति होने पर अनुशासनिक कार्यवाही की जाती है । (8) आवश्यकतानुसार समय-समय पर लोको पायलट (गुड्स) को मेल / एक्सप्रेस / पैसेंजर गाड़ियों के संचालन हेतु स्क्रीन किया जाता है । कुम्भ मेला के दौरान कुछ स्क्रींड लोको पायलट को 100 दिन या 70 दिन के लिए स्क्रींड किया गया था । (9) यह मद परिचालन विभाग से संबन्धित है । (10) JBP-STA, NKJ-SGO, STA-REWA एवं JBP-ET खंड में समान्यतः एक राउंड ट्रिप के बाद मुख्यालय वापस कराया जा रहा है तथा NKJ-SGRL खंड में 50 घंटे पूर्ण होने के बाद मुख्यालय वापस कराया जाता है । (11) सतना(10) रीवा (20)एवं बरगवां (50)में बेड बढ़ा दिये गए हैं । बेड की उपलब्धता ना होने पर मुख्यालय वापस कराया जाता है । (12) जबलपुर–इटारसी खंड में एनटीपीबी साइडिंग में रेस्ट रूम, परिचालन विभाग के नियंत्रण में है । (13) जबलपुर मंडल के नियंत्रक कार्यालय द्वारा धमकी नहीं दी जाती है । 14 घंटे ड्यूटी होने पर लोको रनिंग कर्मचारी से जानकारी मांगी जाती है कि बिलम्बन कहां –कहां हुआ है ताकि परिचालन विभाग से समन्वय स्थापित कर ओवर आवर्स को कम किया जा सके । (14) कर्मचारियों को पहले समझाइस / काउंसिल की जाती है । पुनरावृत्ति होने पर अनुशासनिक कार्यवाही की जाती है । (15) लोको रनिंग कर्मचारियों की आवश्यकता एवं उपलब्धता के अनुसार अवकाश स्वीकृति किया जाता है । कर्मचारी के अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित होने पर उसके पिछले रिकॉर्ड को देखते हुये डीएआर की कार्यवाही की जाती है । (16) क्रू लिंक परिचालन की आवश्यकताओं एवं डिपो की उपयुक्तता के आधार पर ही बनाए जाते है । यहा साथ के मंडलों / क्षेत्रीय रेलों के साथ कि. मी. बैलेंसिंग के आधार पर ही बनाए जाते हैं । मुख्यालय के दिशा निर्देशों के अनुसार क्रू बीट का निर्धारण किया गया है तथा उसी अनुसार कार्य कराया जा रहा है । (17) क्रू लिंक परिचालन की आवश्यकताओं एवं डिपो की उपयुक्तता के आधार पर ही बनाए जाते है । यहा साथ के मंडलों / क्षेत्रीय रेलों के साथ कि. मी. बैलेंसिंग के आधार पर ही बनाए जाते हैं । मुख्यालय के दिशा निर्देशों के अनुसार क्रू बीट का निर्धारण किया गया है तथा उसी अनुसार कार्य कराया जा रहा है । (18) कुम्भ मेले के दौरान जबलपुर क्रू कम होने के कारण इटारसी क्रू को कटनी तक के लिए बुक किया जाता था । कभी –कभी इटारसी में जबलपुर स्टाफ न होने के कारण इटारसी क्रू से जबलपुर तक आवश्यकता होने पर गाड़ी चलवाई जाती है । (19) सीवीवीआरएस / एसपीएम की रिपोर्ट के आधार पर पहले काउंसिलिंग की जाती है पुनरावृत्ति होने पर अनुशासनिक कार्यवाही की जाती है तथा अभी लगातार काउंसिलिंग की जा रही है । एनकेजे विद्युत लोको शेड में 221 लोको होल्डिंग है जिसमें 211 लोको में ए.सी. लगे हैं तथा शेष 10 लोको में ए.सी. लगाने का कार्य प्रक्रियाधीन हैं ।
MS/ 58/2025 PCEE PCE जबलपुरमंडल	जबलपुर मंडल के महिला ट्रेकमेंटेनर्स तथा सहायक लोको पायलट की समस्याओं के संबंध में। 1. ट्रैक मेंटेनर के पद से जिन महिला रेल कर्मचारियों का कैडर चेंज हुआ है, उन्हें जीपी 1800 ही में रखा गया है।

